केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
16 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

नाराजगी बहुत कोमल होती है,अपनत्व का स्पर्श मिलते ही,समाप्त हो जाती है...

वर्ष : 16 अंक : 284
उज्जैन, शुक्रवार 27 मार्च 2026
पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

# किसानों सहित सभी वर्गों का कल्याण हमारा ध्येय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा को दी 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात




**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ रहा है। गरीब, किसान, महिला और युवा सहित सभी वर्गों का कल्याण राज्य सरकार का संकल्प है। हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। प्रदेश के किसानों को सालभर में 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहाली है। इसी ध्येय से किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से आय दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह प्रदेश का स्वर्णिम काल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश औद्योगीकरण और युवाओं को रोजगार से जोड़ने में सबसे आगे है। उन्होंने छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 133 करोड़ की लागत के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल जल योजना के कार्य, पुलिस आवास गृह, माध्यमिक विद्यालय भवन और छात्रावास सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के लिए नया भवन बनाए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना की 157 करोड़ की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन छिंदवाड़ा में दीप प्रज्वलित कर एवं कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रदेशवासियों को दी महाअष्टमी और श्रीराम नवमी की मंगलकामनाएं- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा को लगभग 500 करोड़ और पांढुर्णा को 350 करोड़ से अधिक की अनुपम सौगात मिली है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पास जामसांवली में श्री हनुमान लोक के लोकार्पण का सौभाग्य मिला। भगवान श्री हनुमान के बिना तो रामराज्य भी अधूरा सा लगता है। हमारा शासनकाल भगवान श्रीराम के राज्य जैसा होना चाहिए। राज्य सरकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब मध्यप्रदेश के पवित्र चित्रकूट धाम को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। विरासत को विकास से जोड़ते हुए प्रदेश में श्रीराम गमन पथ का कार्य जारी है। उज्जैन में बाबा महाकाल, जामसांवली श्री हनुमान धाम, सतना की शारदा मैया जैसे अनेक प्रसिद्ध धर्म स्थलों में महत्वपूर्ण तीर्थ होने के नाते सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। पांढुर्णा में आज श्री हनुमान लोक का लोकार्पण होने के साथ ही दूसरे चरण के कार्यों की भी घोषणा की गई है। छिंदवाड़ा के जनजातीय अंचलों के लिए 84 उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए विद्यालय और छात्रावास की भी सौगात मिली है। तामिया-जुन्नारदेव सड़क 2 जिलों को जोड़ रही है। छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट के विकास से क्षेत्र की एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के कल्याण के लिए 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। छिंदवाड़ा कॉर्न (मक्का) सिटी है। छिंदवाड़ा जिले में आज 350 करोड़ से अधिक लागत के सिर्फ लोकार्पण हुए हैं। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### संदेशखाली, आरजी कर और शिक्षक भर्ती मामला... ममता सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी करेंगे अमित शाह




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मां, माटी और मानुष की सुरक्षा में ममता बनर्जी सरकार की विफलता को लेकर केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को चार्जशीट जारी करेंगे। चार्जशीट में संदेशखाली, आरजी कर दुष्कर्म और हत्याकांड, 26 हजार शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार, ममता सरकार के मंत्री पार्थी चटर्जी के ठिकाने से मिले 27 करोड़ रुपये की नकदी, 2700 करोड़ रुपये के कोयला चोरी घोटाला, जबरन कटमनी की वसूली के कारण उद्योगों के पलायन के साथ ही घुसपैठियों को संगठित रूप से संरक्षण देने को सबूत के रूप में पेश किये जाएंगे। अमित शाह चार्जशीट जारी कर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान की दिशा तय करेंगे। सूत्रों के अनुसार चार्जशीट में ममता बैनर्जी के कुशासन का पूरा काला चिट्ठा होगा। भाजपा लगातार ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं के असुरक्षित रहने का आरोप लगाती रही है। संदेशखाली और आरजी कर का हवाला देकर इसे चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश होगी। ध्यान देने की बात है कि भाजपा आरजी कर की पीड़िता की मांग को विधानसभा का टिकट भी दिया है। इसके साथ ही युवाओं को साधने के लिए नौकरियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी होगा, जिसमें 26 हजार शिक्षकों की बहाली में भ्रष्टाचार के सबूत दिये जाएंगे। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने शिक्षकों की भर्ती में हुए बड़े पैमाने पर घोटाले पर मुहर लगा चुकी है। चार्जशीट में ममता के मंत्रियों के यहां छापे में पकड़ी गई नकदी की तस्वीरें भी प्रमुखता से होगी। 2021 में भी भाजपा ममता सरकार में सभी कामों में कटमनी लिए जाने का मुद्दा उठा चुकी है।

### भाजपा को मिला अन्य दलों से दस गुना अधिक चंदा, एडीआर रिपोर्ट में खुलासा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा चंदा प्राप्त करने में सबसे आगे है। वित्त वर्ष 2024-25 में उसने अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे से 10 गुना ज्यादा धन सहयोग राशि के रूप में प्राप्त किया है भाजपा ने इस दौरान 6,074 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की। यह जानकारी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफा?र्म्स (एडीआर) ने राजनीतिक चंदों पर आधारित अपनी रिपोर्ट में दी है। गुरुवार को सार्वजनिक हुई रिपोर्ट में बताया गया है कि राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपये से ज्यादा धनराशि के घोषित चंदे की मद में वर्ष 2024-25 में कुल 6,648.56 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। यह चंदा कुल 11,343 लोगों या प्रतिष्ठानों ने दिया। लेकिन इस धनराशि में से केवल भाजपा को 6,074 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। यह धनराशि 5,522 लोगों या प्रतिष्ठानों ने उसे चंदे के रूप में दी। जबकि देश के दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय दल कांग्रेस को महज 517.39 करोड़ रुपये मिले। उसे यह धनराशि 2,501 लोगों या प्रतिष्ठानों ने दी। उत्तर प्रदेश में प्रभाव वाली बहुजन समाज पार्टी ने घोषित किया है कि उसे 20 हजार रुपये से ज्यादा का एक भी चंदा प्राप्त नहीं हुआ। यह लगातार 19 वां वर्ष है जबकि बसपा ने घोषित किया है कि उसे 20 हजार रुपये से ज्यादा किसी व्यक्ति या प्रतिष्ठान ने चंदा नहीं दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय दलों को वर्ष 2023-24 की तुलना में 4,104 करोड़ रुपये का ज्यादा चंदा मिला। चंदे की बढ़ी धनराशि में सबसे ज्यादा लाभ में भाजपा रही जिसके चंदे में महज एक वर्ष में 171 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि कांग्रेस की चंदा की राशि 2023-24 की तुलना में 84 प्रतिशत बढ़ी। वर्ष 2024-25 में आम आदमी पार्टी को 27 करोड़ रुपये का चंदा मिला। उसे मिला चंदा इससे पूर्व के वर्ष में मिले चंदे से 244 प्रतिशत ज्यादा था। राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपये से ज्यादा धनराशि के मिले चंदों में अधिकांश धन कार्पोरेट से मिला। राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपये से ज्यादा चंदे की मद में कुल 6,648.56 करोड़ रुपये मिले। इसमें से 6,128.78 करोड़ रुपये कार्पोरेट घरानों ने दिए।

# होर्मुज से किन देशों को मिलेगी एंट्री, भारत के लिए कितना महत्वपूर्ण?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** 27दिनों से जारी पश्चिम एशिया तनाव की वजह से ऊर्जा संकट के खतरे से जूझते भारत के लिए एक शुभ खबर यह है कि ईरान ने आधिकारिक तौर पर भारत सहित अपने मित्र देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है।

वैसे ईरान सरकार युद्ध के बावजूद अभी तक चार भारतीय जहाजों को होर्मुज से निकलने की इजाजत दी थी लेकिन अब आधिकारिक घोषणा होने के बाद उम्मीद है कि होर्मुज के पश्चिम हिस्से में फंसे भारत के 20 और जहाजों के भी वहां से जल्द निकलने की स्थिति बनेगी। भारत ने ईरान की उक्त घोषणा पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन विदेश मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालयों के अधिकारी लगातार ईरान की संबंधित एजेंसियां के साथ संपर्क में हैं।

भारत सहित मित्र देशों को होर्मुज से गुजरने की मंजूरी- ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने बयान जारी कर कहा है कि हमने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति मित्र देशों चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को दे दी है। जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद नहीं है, लेकिन दुश्मन देशों (अमेरिका और इजराइल तथा उनके सहयोगियों) के जहाजों के लिए बंद रहेगा। साफ है कि मित्र देशों के जहाजों को रास्ता तो मिलेगा, लेकिन पहले जैसी स्वतंत्र आवाजाही नहीं होगी।

अरागची ने कहा कि जहाजों को ईरानी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना होगा और समन्वय के साथ गुजरना पड़ेगा। भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए होर्मुज अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश का 90 फीसद आयातित गैस और 60 फीसद आयातित कच्चा तेल इसी मार्ग से आता है। पश्चिम एशिया संकट के बीच यह अनुमति भारत के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है।

वर्तमान में 22 भारतीय जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम (फारस की खाड़ी) में फंसे हुए हैं। इनमें कुल 17 लाख टन ऊर्जा कार्गो लदा है, जिसमें 16.7 लाख टन कच्चा तेल, 3.2 लाख टन एलपीजी, दो लाख टन एलएनजी है। जहाजरानी मंत्रालय का कहना है कि इन 22 जहाजों पर कुल 611 भारतीय नाविक सवार हैं और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

शुक्रवार को भारत पहुंच जाएंगे दो एलपीजी टैंकर- भारतीय एलपीजी टैंकर ( जग वासंत और पाइन गैस) ईरानी अनुमति के बाद सफलतापूर्वक गुजर चुके हैं और इनके शुक्रवार सुबह तक भारतीय बंदरगाह पहुंच जाएंगे। फारस की खाड़ी में कुल लगभग 500 टैंकर (क्रूड, प्रोडक्ट, केमिकल आदि) फंसे हुए हैं, लेकिन भारत के 22 जहाज ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण हैं।

## मसूरी में पर्यटक वाहन को बिना रजिस्ट्रेशन नहीं मिलेगी एंट्री, 1 अप्रैल से प्रतिदिन 500 वाहनों की सीमा तय



**मसूरी/ जीएनएस।** मसूरी के लंढौर छावनी क्षेत्र में एक अप्रैल से प्रतिदिन केवल 500 पर्यटक वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

यह निर्णय छावनी परिषद ने यातायात को नियंत्रित करने और क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लिया है।

लंढौर छावनी परिषद की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 15 अप्रैल से आनलाइन पोर्टल के माध्यम से पर्यटक वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बिना वाहन छावनी क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। स्थानीय निवासियों को छावनी परिषद कार्यालय की ओर से पास जारी किए जाएंगे। निर्धारित संख्या के अतिरिक्त और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को टिहरी धनोल्टी मार्ग पर भेजा जाएगा।

रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को सीमित समय के लिए छावनी क्षेत्र में प्रवेश मिलेगा। समयावधि समाप्त होने पर अतिरिक्त पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। इसके अलावा, छावनी क्षेत्र में स्थित होटल और गेस्ट हाउस में बुकिंग के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, जिसके लिए शुल्क का भुगतान करना होगा।

# कूटनीतिक विफलता को अपने वन लाइनर से नहीं ढक सकते विदेश मंत्री, कांग्रेस ने एस जयशंकर को घेरा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस ने मध्य एशिया में संघर्ष रोकने के लिए जा रही शांति प्रयासों में भारत की कोई भूमिका नहीं होने को सरकार की कूटनीतिक विफलता बताते हुए गुरूवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को घेरा।

पार्टी ने कहा कि यह सही है कि भारत कोई ब्रोकर (दलाल) देश नहीं है लेकिन सच यह भी है कि खुद को विश्व गुरू मानने वाले की कूटनीति, वैश्विक संपर्क और नैरेटिव प्रबंधन की भारी विफलताओं ने एक टूटे हुए देश पाकिस्तान को ब्रोकर देश बनने के लिए खड़ा कर दिया है।

कांग्रेस ने भारत की भूमिका पर सवाल उठाए - पश्चिम एशिया संकट पर बुधवार को सर्वदलीय बैठक में अमेरिका-इजरायल तथा ईरान के बीच युद्ध विराम के प्रयासों में पाकिस्तान के मध्यस्थ की भूमिका निभाने और भारत की कूटनीतिक अप्रासंगिकता पर विपक्षी दलों के सवाल पर जयशंकर ने पाकिस्तान के दलाल देश होने की बात कही थी। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है जिसके शासन तंत्र ने चार दशकों से अधिक समय से भारत और अन्य देशों में आतंकवाद को प्रायोजित और संचालित किया है। ओसामा बिन लादेन और अन्य खतरनाक वैश्विक आतंकवादियों को दशकों तक पनाह दी।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर डीए भुगतान की प्रक्रिया शुरू, पोर्टल लांच



**कोलकाता/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बंगाल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बकाया महंगाई भत्ता (डीए) देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी क्रम में राज्य के वित्त विभाग ने एक विशेष पोर्टल शुरू किया है, जिस पर कर्मचारी अपने बकाया डीए का विवरण अपलोड कर रहे हैं।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, फिलहाल जनवरी 2016 से दिसंबर 2019 तक के बकाया डीए खातों को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इस चरण के पूरा होते ही कर्मचारियों को पहली किस्त जारी किए जाने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च तक पहली किस्त देने की तैयारी है। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। अदालत के निर्देश के मुताबिक डीए भुगतान से पहले एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू किया जाना आवश्यक है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से अब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

ऐसे में अधिकारी एसओपी जारी होने तक खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इधर, कर्मचारियों की बड़ी संख्या को देखते हुए तय समय सीमा के भीतर भुगतान पूरा कर पाना भी एक चुनौती माना जा रहा है। साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या सभी पात्र वर्गों को समान रूप से इस पोर्टल का लाभ मिल पाएगा।

# ईरान-अमेरिका-इजरायल जंग का दिखने लगा असर, मोबाइल फोन से प्लास्टिक तक के बढ़ने लगे दाम



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** डॉलर के मुकाबले रुपए में हो रही लगातार गिरावट से आयात से जुड़ी सभी वस्तुओं के दाम बढ़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। ईरान व अमेरिका के बीच जारी जंग के समाप्त नहीं होने के आसार से कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होना अब तय माना जा रहा है।

और टूटा रुपया- कच्चे माल के आयात महंगे होने व युद्ध की वजह से सप्लाई बाधित होने से कई वस्तुओं के उत्पादन भी प्रभावित होने जा रहे हैं। एक डॉलर का मूल्य 94 रुपए तक चला गया है।

डॉलर के मुकाबले रुपए में हो रही गिरावट को देखते आरबीआई से हस्तक्षेप की उम्मीद की जा रही है, लेकिन वैश्विक उथल-पुथल के इस काल में आरबीआई फिलहाल हस्तक्षेप करता नहीं दिख रहा है।

गत 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में तीन रुपए से अधिक की गिरावट हो चुकी है।

रुपए के कमजोर होने से आयात के लिए पहले के मुकाबले अधिक रुपए देने पड़ते हैं जिससे आयात महंगा हो जाता है।

मोबाइल फोन रिसर्च एजेंसी काउंटरप्वाइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने बताया कि मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रानिक्स आइटम के निर्माण से जुड़े 80 प्रतिशत कच्चे माल के लिए भारत आयात पर निर्भर करता है।

उन्होंने बताया कि अगले महीने तक आयात की लागत बढ़ने व युद्ध की वजह से कच्चे माल की कमी को देखते हुए मोबाइल फोन के दाम बढ़ने लगे हैं।

इसके अलावा फोन में लगने वाले मेमोरी के दाम में पिछले कुछ महीनों में दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। इस कारण अगले माह तक मोबाइल फोन के दाम 15 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। लैपटाप, पैड जैसे सभी आइटम महंगे होने लगे हैं या होने वाले हैं। प्लास्टिक आइटम के दाम पहले ही बढ़ चुके हैं।

कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि कच्चे माल व निर्माण लागत बढ़ने से टेक्सटाइल उद्योग वालों अपने-अपने उत्पादों के दाम में एक राउंड की बढ़ोतरी कर दी है।

# सरकार के सर्वे और आंकड़े अब पत्रकारिता से जुड़े पाठ्यक्रमों का बनेंगे हिस्सा




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बदलती परिस्थितियों में पत्रकारिता से जुड़े पाठ्यक्रमों को और प्रभावशाली व उपयोगी बनाने को लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एक अहम कदम उठाया है।

जिसमें देश भर में पढ़ाए जा रहे पत्रकारिता से जुड़े सभी पाठ्यक्रमों की समीक्षा करने और उसके साथ ही सरकार के अलग-अलग विभागों व मंत्रालयों की ओर से किए जाने वाले सर्वे व आंकड़ों को शामिल करने का सुझाव दिया है।

खासकर सरकार के सांख्यिकी व स्वास्थ्य मंत्रालयों के सर्वे को प्रमुखता से इन पाठ्यक्रमों में शामिल करने की पहल की है। यूजीसी ने देश भर के सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को लिखे पत्र में कहा कि वह अपने संस्थानों में चल रहे पत्रकारिता के पाठ्यक्रमों की तुरंत समीक्षा कराए। इस सुझाव को देश के विकास कार्यों से जुड़ी रिपोर्टिंग को तथ्यात्मक रूप देने व लोगों तक ठीक जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य पत्रकारिता से जुड़ी पढ़ाई को सिर्फ सिद्धांत तक सीमित न रखते हुए इसे पढ़ने वालों को सरकारी डेटा के विश्लेषण से परिचित कराया जाए। इससे वह देश की आवश्यकता से भी बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

वहीं सरकार के सर्वे से पत्रकारिता की पढ़ाने करने वालों छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि जमीनी स्तर पर क्या काम हुआ है और डेटा क्या कह रहा है। मौजूदा समय में देश भर के अधिकांश विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षण संस्थानों में पत्रकारिता से जुड़े डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है।

# मांगलिया डिपो से पेट्रोल पम्पो पर पहुँचा पर्याप्त पेट्रोल-डीजल

## आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल और डीजल अपने वाहन में भरवायें-नागरिकों से अपील




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आज सुबह 6 बजे से मांगलिया स्थित एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम एवं इंडियन ऑयल के डिपो पर टैंकरों में ईंधन भरने का कार्य तेज गति से प्रारंभ कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे तक मांगलिया डिपो से हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 24 टैंकर लोरियां, भारत पेट्रोलियम की 34 तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की 15 टैंकर लोरियां कुल 73 टैंकर लॉरी विभिन्न पेट्रोल पंपों के लिए रवाना हो चुकी हैं। डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है और पूरी क्षमता के साथ टैंकरों को भरा जा रहा है।

जिला प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे से ही सक्रिय होकर मांगलिया डिपो तथा फील्ड के पेट्रोल पंपों का सतत निरीक्षण कर रही है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह अपना इंडेंट लगाने की अग्रिम कार्रवाई करेंगे और किसी प्रकार से पेट्रोल पंप ड्राइ ना रहे इसकी समुचित तैयारी सेल्स ऑफिसर तेल कंपनियों एवं पंप संचालक करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रशासन द्वारा यह भी सख्त निर्देश सभी पंप संचालक को और ऑयल कंपनी के सेल्स ऑफिसर को दिए गए हैं कि किसी प्रकार से पेट्रोल डीजल केन बोतल आदि में नहीं देंगे, ऐसा करने वाले संचालक और उनके कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अपनी आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल प्राप्त करें। जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है तथा आपूर्ति पूरी तरह व्यवस्थित रूप से जारी है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इंदौर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां जारी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 29 मार्च को इंदौर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों के दल के साथ दशहरा मैदान पहुँचकर कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी दायित्व भी सौंपे। उल्लेखनीय है कि दशहरा मैदान में संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री वर्मा के भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# अमानत में खयानत करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नगदी व एक्टिवा बरामद



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में अपने ही मालिक के साथ अमानत में खयानत कर नगदी और वाहन लेकर फरार हुए आरोपी को पुलिस थाना तिलक नगर ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से गबन की गई नगदी राशि और एक्टिवा वाहन भी बरामद किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 8 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देश पर शहर में वित्तीय अपराधों और अमानत में खयानत के मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक के निर्देशन में दर्ज प्रकरण क्रमांक 73/26 में कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी को नलखेड़ा से गिरफ्तार किया।

# मानव अधिकार आयोग ने की इंदौर में समीक्षा बैठक

## मानव अधिकारों का संरक्षण प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश - अध्यक्ष डॉ. सिंह



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह आज अल्प प्रवास पर इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रेसीडेंसी कोठी पर इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के साथ लंबित शिकायतों के संबंध में समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। भागीरथपुरा की घटना पर अद्यतन स्थिति पर इंदौर कलेक्टर श्री वर्मा ने विस्तार से जानकारी के साथ वर्तमान में नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में पाइपलाइन बदलने आदि के कार्य प्रगति से अवगत कराया । इस पर अध्यक्ष डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि भविष्य में लीकेज या अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो और आमजन को बेहतर सुविधा मिल सके, साथ ही कार्यवाही प्रतिवेदन आयोग को भेजा जाये।

अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जिला प्रशासन को मानवीय अधिकारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने को कहा है। इसके साथ ही इंदौर के आयोग मित्रों के अनुरोध पर अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के शिकायत प्रकोष्ठ इंदौर कार्यालय के रिनोवेशन (नवीनीकरण) के निर्देश भी दिए, ताकि शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सके। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीडब्ल्यूडी के माध्यम से मरम्मत के लिए आश्वस्त किया। डॉ. सिंह ने चर्चा में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी कार्य मानव अधिकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए किए जाएं तथा लंबित शिकायतों का शीघ्र और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के साथ डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका चौरसिया, आयोग मित्र डॉ. दीपक शर्मा, श्री रवि अत्रेलिया, श्री पराग अग्रवाल (आयोग मित्र) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रारंभ में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया।

# मंत्री श्री सिलावट ने केवड़ेश्वर घाट का किया लोकार्पण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश में सिंचाई का दायरा लगातार बढ़ रहा है और जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा आगामी वर्ष तक सांवेर क्षेत्र को पूर्ण रूप से सिंचित बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। यह बात जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को केवड़ेश्वर घाट के लोकार्पण अवसर पर कही। श्री सिलावट ने कहा कि साधु-संतों की उपस्थिति में किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है। पवित्र वातावरण में घाट का लोकार्पण होना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री श्रवण सिंह चावड़ा, खंडेल गुफा आश्रम के संत दर्शन गिरी महाराज एवं केवड़ेश्वर आश्रम के संत धर्मेंद्र गिरि महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मां शिप्रा का विधिवत पूजन किया तथा भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई

## एक निजी अस्पताल की सीटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन सील



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को लेकर जिला प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल की सीटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन को सील कर दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि दयाल बाग कॉलोनी खण्डवा रोड स्थित इंदौर ट्रामा सेन्टर प्रायवेट लिमिटेड का टीम बनाकर निरीक्षण करवाया गया। जिसमें पाया गया कि अस्पताल में पाँच से अधिक अपंजीकृत चिकित्सक सोनोग्राफी/ईको सम्बन्धी कार्य कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान एक सिटी स्कैन मशीन संचालित पायी गयी गयी, जो कि अपंजीकृत थी।

निरीक्षण टीप के आधार पर सम्बन्धित अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार 26 मार्च 2026 को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मला अखण्ड के साथ पीसीपीएनडीटी दल मौके पर भेजकर इन्दौर ट्रामा सेन्टर प्रायवेट लिमिटेड अस्पताल में स्थित सोनोग्राफी मशीन एवं सिटी स्कैन मशीन तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुये सीलबन्द की गयी एवं पीसीपीएनडीटी प्रमाण पत्र नवीनीकरण पर रोक लगायी गयी एवं टीम द्वारा पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गयी।

कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा समस्त अपंजीकृत चिकित्सक ङ्क डॉ. सुयश सक्सेना, डॉ. शैलेन्द्र पटेल, डॉ. राजेश करंजिया, डॉ. रावेश गुर्जर, डॉ. प्राची बाथम एवं अन्य को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश नवीनीकरण के लिए 28 मार्च तक खुला रहेगा प्रवेश पोर्टल

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों एवं भविष्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, स्नातक (द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष) तथा स्नातकोत्तर (तृतीय सेमेस्टर) के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण के लिए विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ दिवा मिश्रा ने बताया कि यह विशेष सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए प्रदान की गई है, जो प्रवेश नवीनीकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा के कारण नियत समय-सीमा में अपनी प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने से वंचित रह गए थे। प्रवेश पोर्टल को 28 मार्च 2026 तक सक्रिय किया जा रहा है। संबंधित विद्यार्थी, इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाकर अपने प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों के शेष पात्र विद्यार्थियों का त्वरित चिन्हांकन कर, उनका प्रवेश नवीनीकरण एवं शुल्क समय सीमा में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह सुविधा सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध होगी, इसलिए सभी संबंधित विद्यार्थी एवं संस्थान निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें, जिससे किसी भी विद्यार्थी की शैक्षणिक निरंतरता बाधित न हो।

# सिंहस्थ के लाखों श्रद्धालुओं के लिए संजोया सरकारी होटल का सपना अटका

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र में सिंहस्थ की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो चुकी हैं लेकिन इंदौर में बनने वाले मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के सरकारी होटल को अभी भी हरी झंडी का इंतजार है। योजना को तैयार हुए एक दशक से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन सिंहस्थ के पहले भी यह धरातल पर नहीं उतर पाई है। वर्तमान में इंदौर में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम का अपना कोई होटल न होने के कारण पर्यटकों को निजी होटलों पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं विदेश पर्यटक निजी के बजाय सरकारी होटलों को प्राथमिकता देते हैं। इसमें मुख्य कारण सुरक्षा का रहता है। अब सिंहस्थ आने वाला है और उसमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक शामिल होंगे। इससे इस सरकारी होटल की प्रासंगिकता वर्तमान समय में और बढ़ गई है।

प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए एग्रीकल्चर कॉलेज के समीप जमीन का आवंटन भी बहुत पहले कर दिया था। वर्ष 2020 के बाद से निगम के अधिकारियों ने कई बार स्थल का दौरा कर प्रोजेक्ट की रूपरेखा भी तैयार की, लेकिन वर्तमान में यह पूरा मामला निर्माण की पद्धति और बजट की ऊहापोह के बीच अटका हुआ है। शुरुआत में पर्यटन विकास निगम स्वयं इस होटल का निर्माण करना चाहता था, परंतु बाद में इसे पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का निर्णय लिया गया, लेकिन वह भी अभी तक फलीभूत नहीं हो सका है।

# इंदौर रेलवे स्टेशन अपग्रैडेशन का शुभारंभ, 412 करोड़ की परियोजना में पार्सल बिल्डिंग व बेसमेंट निर्माण शुरू



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्टेशन अपग्रैडेशन प्रोजेक्ट के तहत पार्सल बिल्डिंग एवं बेसमेंट निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने फाउंडेशन कॉन्क्रीट कार्य की शुरुआत की।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अनुसार लगभग 412 करोड़ रुपये की लागत से संचालित इस परियोजना के तहत इंदौर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। परियोजना के इस चरण में बेसमेंट निर्माण के लिए प्लेटफॉर्म स्तर से करीब 7 मीटर गहराई तक खुदाई की जा चुकी है।

शुभारंभ के दौरान सांसद शंकर लालवानी स्वयं निर्माण स्थल पर 7 मीटर गहराई तक पहुंचे और पूजा-अर्चना के साथ कार्य की शुरुआत की। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य को तय समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के किए जाएंगे कार्य

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सतत विकास को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। 19 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून 2026 तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह महाअभियान केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन-अभियान के रूप में चल रहा है।

इस वर्ष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के कार्यों को भी शामिल किया गया है। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत 68 कंटूर ट्रेंच, 91 गेबियन संरचनाएं, 842 खेत-तालाब, 26 स्टॉप डैम, 204 चेक डैम, 281 तालाब, 76 रिचार्ज शाफ्ट तथा 19 अन्य जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण एवं जल उपलब्धता में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा में विस्तार एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 के अंतर्गत पूर्व में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। इससे न केवल इन संरचनाओं की कार्यक्षमता पुनर्स्थापित होगी, बल्कि जल संरक्षण के पूर्व प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं सतत निगरानी के लिए आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जाएगा। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की निगरानी WMS पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जिससे कार्यों की वास्तविक समय पर प्रगति का आंकलन संभव हो सकेगा। वाटरशेड विकास 1.0 के कार्यों का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर से कर उन्हें मनरेगा पोर्टल से जोड़ा गया है। इससे उनके अनुश्रवण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# मंत्री श्री सारंग के मार्कफेड को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

## बंद इकाइयों के पुनरुद्धार और संपत्तियों की डिजिटल मैपिंग पर भी जोर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) कार्यालय में समीक्षा बैठक में संघ की गतिविधियों, उर्वरक वितरण व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, परिसंपत्तियों के उपयोग एवं व्यवसाय विस्तार की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मार्कफेड को आत्मनिर्भर, आधुनिक एवं व्यावसायिक रूप से मजबूत संस्था बनाने के लिए सभी अधिकारी लक्ष्य आधारित कार्य करें। उन्होंने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने, बंद औद्योगिक इकाइयों को पुनः प्रारंभ करने, संपत्तियों की डिजिटल मैपिंग करने तथा गोदामों के पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


उर्वरक (खाद) प्रबंधन एवं वितरण- बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 10.80 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध 23 मार्च तक 6.70 लाख मीट्रिक टन का भंडारण हो चुका है। किसानों को स्थानीय स्तर पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री श्री सारंग ने वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करते हुए बैंकों से प्राप्त ऋण एवं लंबित बकाया राशि की शीघ्र वसूली के निर्देश दिए, जिससे उर्वरक कंपनियों को भुगतान में कोई बाधा नहीं आए। उन्होंने कहा कि संस्था की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाना प्राथमिकता है।

परिसंपत्ति प्रबंधन एवं डिजिटल ट्रैकिंग- मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि संघ की सभी अचल संपत्तियों की मैपिंग कर उनका विवरण 'संपदा पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाए। साथ ही अचल संपत्तियों की सुरक्षा एवं व्यावसायिक उपयोग के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मुख्यालय भेजी जाए। बैठक में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर एवं अन्य स्थानों पर बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को प्रारंभ करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए। उज्जैन स्थित पेट्रोल पंप को तत्काल पुनः प्रारंभ करने तथा मुख्य मार्गों पर स्थित भूमि पर नए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स/पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिये वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए।

ईईसी एवं एनसीडीसी योजना के पुराने गोदामों के पुनर्निर्माण को प्राथमिकता देने तथा उपार्जन प्रक्रिया में संघ के 316 गोदामों (क्षमता 7.84 लाख मीट्रिक टन) का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

संगठनात्मक लक्ष्य एवं अनुसंधान- मार्कफेड के कायाकल्प के लिये गठित विशेष अनुसंधान समिति को 15 दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ÷को-ऑपरेशन एमंग को-ऑपरेटिव्स÷ के सिद्धांत पर कार्य करते हुए कृषि विपणन आंदोलन को राज्य स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मार्कफेड के माध्यम से कृषि विपणन आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा तथा संस्था की वित्तीय स्थिति का सटीक आकलन इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक पूर्ण किया जाएगा। बैठक में राज्य विपणन संघ के प्रबंध संचालक श्री अभिजीत अग्रवाल, सचिव श्री महेंद्र दीक्षित सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदौर में यातायात पुलिस का सख्त अभियान



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर, सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह तथा यातायात पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शहर के चारों जोन में विशेष पेट्रोलिंग टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 26 मार्च को यातायात पुलिस द्वारा आनंद बाजार, मेदांता हॉस्पिटल रोड, राजवाड़ा, बाणगंगा सहित शहर के प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान पेट्रोलिंग टीमों ने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर व्हील लॉक लगाकर कार्रवाई की, वहीं रॉंग साइड चलने, मोबाइल का उपयोग करने और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई।

# ड्रेनेज में केमिकल अपशिष्ट छोड़ने पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई, तीन इकाइयों पर 90 हजार का जुर्माना




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में ड्रेनेज सिस्टम को प्रदूषित करने और खुले में कचरा फेंकने वाले औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन इकाइयों पर कुल 90 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ औद्योगिक इकाइयाँ नियमों की अनदेखी करते हुए केमिकल युक्त अपशिष्ट जल सीधे ड्रेनेज लाइन में छोड़ रही थीं। इससे न केवल शहर के ड्रेनेज सिस्टम को नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। इसी के चलते संबंधित इकाइयों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गई।

झोन क्रमांक 17 में हुई कार्रवाई के तहत आरजे कन्फेक्शनरी पर कचरा फेंकने के मामले में 50 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। वहीं नाटा प्लास्टिक और आरके ट्रेडिंग पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। इस तरह कुल मिलाकर 90 हजार रुपये की वसूली की गई। यह कार्रवाई सीएसआई सत्येंद्र सिंह तोमर, सीएसआई विवेक यादव और बल्क सुपरवाइजर की टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई।

# 7074 स्क्वायर फीट में मकान व बगीचा बनाने की इजाजत के बदले कई गुना स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्र में बना दिया गया रिसोर्ट

## एंड कंट्री प्लानिंग नीमच से एसडीएम, सीएमओ भानपुरा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भानपुरा नगर के लोटखेड़ी मार्ग पर हजारों स्क्वायर फीट में निर्मित व चल रहे अरुण परिणय रिसोर्ट व होटल को लेकर विवाद गहरा गया है। आवेदन व शिकायतकर्ता डॉ राजेंद्र कुमार बघेरवाल ने 13 फरवरी 2025 को कार्यालय और संचालक नगर तथा ग्राम निवेश नीमच मध्य प्रदेश प्रथम तल कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन नीमच मध्य प्रदेश की प्रथम उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला नीमच विनीता दर्शयामकर ने अनुविभागीय अधिकारी अधिकारी राजस्व उपखंड गरोठ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भानपुरा को पत्र लिखकर आदेशित किया कि कस्बा भानपुरा लोटखेड़ी मार्ग नगर परिषद सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्थित अवैधानिक रूप से चल रहे अरुण परिणय रिसोर्ट बिना किसी अनुमति के संचालित हो रहे प्रयोजन को रोकते हुए एवं भू भवन स्वामी पर वैधानिक कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित है। एवं की गई कार्रवाई से इस कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। साथ ही प्राप्त आवेदन को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ की ओर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानपुरा को छाया प्रति पत्र के संलग्न प्रेषित किया गया है। उपरोक्त मामले में कार्यालय नगर परिषद भानपुरा से शिकायतकर्ता व आवेदक अनिल कुमार बघेरवाल निवासी श्रीराम कॉलोनी भानपुरा ने बताया कि उक्त अरुण परिणय रिसोर्ट एवं होटल अवैधानिक रूप से बने हुए हैं। इस हेतु सूचना के अधिकार संबंधी जानकारी मेरे द्वारा 23 अगस्त 2024 को कार्यालय नगर परिषद भानपुरा से मांगी जाने पर उनके पत्र क्रमांक 838 में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहम्मद अशफाक द्वारा लिखित पत्र में बताया गया कि आपके द्वारा लोटखेड़ी रोड भानपुरा में स्थित अरुण परिणय रिसोर्ट के निर्माण अनुमति संबंधी समस्त दस्तावेजों की प्रामाणिक प्रति चाही गई है। इस संबंध में लेख है कि नगर परिषद भानपुरा द्वारा अरुण रिसोर्ट को निर्माण अनुमति जारी नहीं की गई है। इसी तरह कार्यालय ग्राम पंचायत लोटखेड़ी जनपद पंचायत भानपुरा से भवन निर्माण अनुमति हेतु 22 जुलाई 2006 को भूमि मालिक श्रीमती पुष्पा बाई पति शिवनारायण सेठिया निवासी भानपुरा द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र लोटखेड़ी के सर्वे क्रमांक 1334 में 0.652 सर्वे नंबर 824/1 में रकबा 0.600 के इस भूमि के कुल क्षेत्रफल 7074 स्क्वायर फीट पर मकान तथा बगीचा बनाना चाहते हैं का आवेदन दिया गया। पत्र के अनुसार पंचायत विधान धारा 55 के तहत इन्हें मकान बनाने तथा बगीचे की अनुमति प्रदान की गई। इस अनुमति के साथ ग्राम सभा में नक्शा एवं अनुमति को अनुमोदित किया गया। इसमें पंचायत को कोई आपत्ति नहीं है। यह अनुमति ग्राम सभा द्वारा ग्राम पंचायत लोटखेड़ी द्वारा अपने पत्र कृमांक/पंचायत/06 दिनांक 22 जुलाई 2006 को जारी की गई थी। परंतु 7074 स्क्वायर फीट पर मकान एवं बगीचे के स्थान पर आज भव्य रूप से अरुण रिसोर्ट एवं होटल तथा रिसोर्ट का दूसरा भाग एवं अन्य अनेक निर्माण मौके पर मौजूद है।

कार्यालय तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानपुरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भानपुरा को 10 मार्च 2026 को पत्र क्रमांक 310/ री--/2026 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ के पत्र क्रमांक 27 फरवरी 2026 एवं कार्यालय उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश नीमच मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 766 दिनांक 766/27 फरवरी 2026 भेजकर लिखा गया है कि संदर्भित पत्र अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ जिला मंदसौर के द्वारा कार्यालय उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश के पत्र अनुसार जांच कर प्रतिवेदन भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः आपकी और उपरोक्त पत्र भेज कर उक्त संबंध में जांच कर अपना प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ के समक्ष प्रस्तुत करें। रिसोर्ट के बीचों-बीच मैदान से गुजर रही है 33000 किलो वाट की विद्युत लाइन अरुण परिणय रिसोर्ट एवं होटल के बीचों-बीच से गुजर रही है 33 हजार वाल्ट की विद्युत लाइन आश्चर्य तो इस बात का है कि उपरोक्त अरुण परिणय रिसोर्ट एवं होटल में शादी ब्याह एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होते हैं व इसके मैदान में जहां उपरोक्त आयोजनों में सैकड़ो लोग शामिल होते हैं के ठीक बीच में 33 हजार वाल्ट की पावरफुल विद्युत लाइन के तार निकल रहे हैं। एवं यदि हादसा होता है तो सैकड़ो लोगों की जान जा सकती है। रिसोर्ट एवं होटल में शादी ब्याह आदि के समय भारी आतिशबाजी, डीजे बैंड बाजे एवं अन्य प्रदूषण को लेकर समीपस्थ निवासी आत्माराम पिता नानुराम माली सहित महबूब खान, अनिल बघेरवाल, रामचंद्र माली, ओम प्रकाश धाकड़, मदनलाल जोशी, भेरूलाल, राजेंद्र गर्ग द्वारा नगर परिषद को शिकायत की गई थी।

इस मामले में भूमि मालिक श्रीमती पुष्पा बाई पति शिवनारायण सेठिया के पुत्र व रिसोर्ट व होटल व्यवस्थापक अरुण सेठिया से उनके अरुण परिणय रिसोर्ट एवं होटल से संबंधित वैधानिक निर्माण के मामले में दूरभाष नंबर 9893113615 बात कर वैधानिक निर्माण से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही तो उन्होंने कहा कि हमारा रिसोर्ट वैधानिक रूप से बना हुआ है। इससे संबंधित जितने भी हमारे वैधानिक दस्तावेज हैं सभी हम तहसीलदार भानपुरा को उपलब्ध करवा चुके हैं।

इस मामले में तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यालय उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश नीमच मध्यप्रदेश से प्राप्त पत्र कस्बा भानपुरा लोटखेड़ी मार्ग नगर पालिका सीमा क्षेत्र स्थित अवैधानिक रूप से चल रहे अरुण परिणय रिसोर्ट पर वैधानिक कार्रवाई करने से संबंधित पत्र के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानपुरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानपुरा से मामले की जांच करवा कर अभीमत मांगा गया है। जांच के बाद जैसी स्थिति रहेगी आगामी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस थाना भानपुरा द्वारा आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 8 मार्च को थाना भानपुरा पर सूचना प्राप्त हुई कि अशोक उम्र 60 वर्ष पिता रामगोपाल राठौर निवासी लोटखेड़ी गेट भानपुरा द्वारा अपनी रेडीमेड कपड़े की दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान मृतक के परिजनों से पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन में यह तथ्य सामने आया कि समाज के लेखा-जोखा एवं आय-व्यय के विवाद को लेकर मंगलसिंह पिता सुपारीलाल राठौर एवं जितेन्द्र पिता मंगलसिंह निवासी भानपुरा द्वारा मृतक को लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। तथा रुपये-पैसे की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। संपूर्ण जांच उपरांत उक्त आरोपियों का कृत्य धारा 108, 351(3), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत दंडनीय पाया जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त आरोपियों को विगत रात्रि में मुखबिर की सूचना पर राजस्थान सीमा क्षेत्र में लेदी चौराहे से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। प्रेस नोट से उक्त जानकारी देते हुए नगर निरीक्षक पुलिस थाना भनपुरा रमेशचंद दांगी ने बताया कि गिरफ्तारी उपरांत आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की गई। 26 मार्च को गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भानपुरा में पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें उपजेल गरोठ भेजा गया। फरारी के दौरान गतिविधियां ज्ञातव्य हो कि आरोपी मंगलसिंह राठौर अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदलता रहा तथा नावली, गांधीसागर, चेचट, रामगंजमंडी, रावतभाटा, कोटा एवं झालावाड़ आदि क्षेत्रों में अज्ञात स्थानों पर छिपा रहा। वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन एवं टीम का योगदान उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील एवं एसडीओपी गरोठ विजय यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस की अपील पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लें एवं समय रहते सूचना दें।

# बैठक संपन्न : बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप से मनाने का लिया निर्णय



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय अजाक्स कार्यालय, मंदसौर में डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बहुजन महापुरुषों के जीवन दर्शन, भारतीय संविधान एवं बाबा साहब के विचारों पर आधारित जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए दो वर्ग निर्धारित किए गए हैं पहला जूनियर वर्ग- कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी व दूसरा सीनियर वर्ग- स्नातक एवं स्नातकोत्तर में अध्ययनरत विद्यार्थी। प्रतियोगिता में दोनों वर्गों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5100 रू., 2100 रू. एवं 1100 रू. की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए मंदसौर जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 13 अप्रैल 2026 को जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व मंदसौर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें जिलेभर के सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी, युवा, विद्यार्थी, महिलाएं एवं वरिष्ठजन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। 14 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा साहब के जीवन दर्शन एवं विचारों पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे। इसके पश्चात सेवानिवृत्त एवं नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक सहभोज 'समता भोज' का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया तथा विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य विभाजन कर दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर अजाक्स जिला अध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी, अजाक्स जिला संरक्षक के. सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी, जिला सचिव

मनोज कुमार धानिया, जिला महासचिव भुवानीराम गेहलोत, जिला संयुक्त सचिव राकेश कुमार दांगी, सुनील कुमार राठौर, रामप्रसाद ईरवार, ब्लॉक सचिव प्रदीप कुमार जाटव, मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल, मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चौहान, मल्हारगढ़ तहसील अध्यक्ष विजय कुमार देवड़ा, मंदसौर ब्लॉक सचिव मनोज कुमार सूर्यवंशी, समाजसेवी वृदीचंद श्रीमाल, अर्जुन हरोकी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सचिव मनोज कुमार धानिया द्वारा प्रदान की गई।

# पिपलिया रेलवे स्टेशन : ट्रेन में सीट विवाद के बाद महिलाओं में मारपीट, तीन महिलाओं पर केस दर्ज

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेल यात्रा के दौरान सीट को लेकर हुआ मामूली विवाद स्टेशन पर उतरने के बाद गंभीर झगड़े में बदल गया। दो गुट की महिलाओं में जमकर मारपीट हुई। बाद में स्टेशन क्षेत्र में बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन कार्यकर्ता व अन्य लोग एकत्रित हो गए और तनावत की स्थिति निर्मित हो गई।

पिपलियामंडी पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार फरियादी प्रेमलता माली उम्र 26 वर्ष, निवासी प्रताप कॉलोनी पिपलियामंडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी रिश्तेदार गायत्री माली एवं अन्य परिजनों के साथ नीमच से हल्दीघाटी ट्रेन द्वारा पिपलिया मंडी लौट रही थी। यात्रा के दौरान ट्रेन में सीट पर बैठने की बात को लेकर सहयात्री महिलाओं से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इस दौरान इस दौरान नफीसा शेख निवासी निम्बाहेड़ा, सना शेख निवासी नीमच एवं गुलाब शाह निवासी नीमच ने विवाद के दौरान फरियादी पक्ष को स्टेशन पर उतरने के बाद देख लेने की धमकी दी थी। फरियादी के अनुसार, दोपहर करीब 1.25 से 1.45 बजे के बीच जब वे पिपलिया मंडी रेलवे स्टेशन पर उतरीं और स्टेशन के बाहर बालाजी मंदिर के सामने पहुंचीं, तभी तीनों आरोपी महिलाएं पुनः वहां भी आ गईं। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गंदी गालियां देना शुरू कर दिया, विरोध करने पर तीनों ने मिलकर प्रेमलता माली, गायत्री माली एवं अन्य महिला परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान आरोपियों ने नाखूनों से हमला करते हुए फरियादी के चेहरे पर खरोंच मार दी। वहीं अन्य महिलाओं के हाथों पर भी नाखूनों से चोट पहुंचाई गई। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। इस दौरान अशोक सेन, निलेश माली एवं वरुण माली ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को शांत कराया।

फरियादी ने बताया कि बीच-बचाव के बाद आरोपी महिलाएं वहां से जाते समय यह कहकर गईं कि आज तो बच गए हो, आगे कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे। इस धमकी के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस थाना पिपलिया मंडी ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2) 351(3) 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया। हालांकि दूसरे पक्ष की ओर से कोई प्रकरण दर्ज न ही हुआ।

## राममय हुआ शहर, कुमावत समाज ने रघुनंदन के जन्म की मनाई खुशियां



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में गुरुवार को रामनवमी के आयोजन हुए। नसिंहपुरा में रघुनंदन के जन्म की खुशियां बड़े ही हर्षल्लास साथ मनाई गईं। नसिंहपुरा स्थित राम जाद्वड्डठ्ठस्त्रह्यड्डह्व नकी मंदिर से कुमावत समाज ने चल समारोह निकाला। वहीं मंदिरों व घरों में हवन-पूजन व आयोजन भी हुए। राम जन्मोत्सव पर कुमावत समाज द्वारा सुबह 9 बजे नसिंहपुरा स्थित राम मंदिर पर महाआरती कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी साथ साथ चल रही थी जो यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। समाज के सभी लोगों ने व्यापार-व्यवसाय बंद रखकर राम जन्मोत्सव मनाया। शोभायात्रा में समाज के अनेक स्त्री-पुरुष व बच्चे शामिल हुए। युवाओं ने ढोल की थाप पर गरबा व नृत्य किया। शोभायात्रा नसिंहपुरा से रामटेकरी, महू-नीमच राजमार्ग, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, कालीदास मार्ग, घंटाघर सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए नरसिंहपुरा राम मंदिर पहुंची। महाआरती के बाद सामाजिक भोजन प्रसादी के आयोजन साथ सम्मान समारोह भी हुआ।

शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह समाजजनों सहित अन्य संगठनों ने स्वागत किया। फूल वर्षा कर भक्तजनों ने प्रभु श्रीरामचंद्र के जयकारे लगाए। पूरा नगर भगवा झंडे से रंगा हुआ दिखा। इस बार पर्व को लेकर विशेष उत्साह लोगों में देखा गया। शोभायात्रा में बढ-चढकर समाजजन ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

# भारत सरकार द्वारा पेंशनर्स विरोधी जारी वैद्यता अधिनियम का वापस लेने हेतु काला दिवस मनाया, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आव्हान पर भारत सरकार द्वारा देश के पेंशनरों के लिए वैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग को लेकर भारत पेंशनर समाज जिला शाखा मंदसौर के तत्वावधान में रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, म.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार प्रियंका मिमरोट को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि अधिनियम लागू होने पर पेंशन भोगियों की सेवानिवृत्ति तिथि, पेंशन पात्रता के संबंध में वर्गीकरण और उनके बीच अंतर का आधार होगा जिससे केंद्रीय तथा राज्यों के वेतन आयोग के कार्यकाल से पहले के पेंशनर्स वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभ से वंचित हो जाएंगे। मौजूदा पेंशनर्स को पेंशन वृद्धि का लाभ न मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार पेंशन एक सामाजिक कल्याणकारी व्यवस्था है जो उन लोगों को सामाजिक आर्थिक न्याय प्रदान करती है,जिन्होंने केंद्र या राज्य सरकारों के लिए अथक परिश्रम किया है। इस मौके पर एक अन्य ज्ञापन में स्थानीय स्तर पर पेंशन प्रकरणों के निराकरण में अत्यधिक विलंब होने के संबंध में समय पर प्रकरणों का निराकरण करने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय भारत पेंशनर समाज जिला अध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक शर्मा, संयोजक बलवंत सिंह कोठारी, महामंत्री वल्लभ बघेरवाल, इंजि. सुनील व्यास तथा अन्य पदाधिकारी हेमराज खाबिया, रामगोपाल सेठिया, राजेंद्रसिंह चौहान, शैलेंद्र गुप्ता, विद्युत मंडल पेंशनर संघ के अध्यक्ष खूबचंद शर्मा, राजेंद्र सिंह चौधरी, इंजीनियर्स संघ के दिलीप कुमार जोशी, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के सतीश नागर, के.सी. श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार जैन, डी.के. नागोरे, बृजेन्द्रसिंह चौहान, चेनसिंह भाटी, नंदलाल राठौर, सुरेशचन्द्र पण्ड्या, अर्जुनसिंह सिसौदिया, बापूलाल कंठाली, एस.सी. व्यास, जगन्नाथ मावर, रतनसिंह राठौर, दिनेश भिंडवाल, प्रीतमसिंह चंदवानी, राधेश्याम गुप्ता, महेशचन्द्र शर्मा, अभय कुमार जैन, देवीलाल देवड़ा, आजाद पठान, अभय जैन जनपद, औंकारलाल चौधरी, कैलाश कुमावत, महावीर रधुवंशी, ओमप्रकाश पाटीदार, एस.एन. श्रीवास्तव, महेशसिंह भाटी, गोपाल पाटीदार, नरेन्द्र सैनी, रामगोपाल गुप्ता सहित अनेकों पेंशनर्स उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन रामगोपाल सेठिया व दिनेश पालीवाल ने किया। आभार अशोक शर्मा ने माना। उक्त जानकारी कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने दी।

# जावद में किसानों का बड़ा जमावड़ाः कल 28 मार्च से जुटेंगे देशभर के अन्नदाता, विधायक सखलेचा ने स्थानीय किसानों से की जुड़ने की अपील




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रासायनिक खाद के बढ़ते बोझ और कर्ज के चक्रव्यूह से अन्नदाता को उबारने के लिए नीमच जिले की जावद तहसील में देश का सबसे बड़ा 'प्राकृतिक खेती महायज्ञ' होने जा रहा है। जावद में किसानों का एक बड़ा जमावड़ा लगने वाला है, जहां कल 28 मार्च से देशभर के किसान जुटना शुरू हो जाएंगे। पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा की इस अनूठी पहल पर 28 से 31 मार्च 2026 तक चलने वाले इस चार दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है और युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है।

भारतीय कृषि के इतिहास में यह संभवतः पहला अवसर है, जब किसी जनप्रतिनिधि ने किसानों को 'आत्मनिर्भर' और खेती को 'जहर मुक्त' बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर का इतना बड़ा आयोजन किया है।

डॉ. पालेकर देंगे निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रशासन अलर्ट मोड पर- इस चार दिवसीय महासंगम में 'कृषि ऋषि' के नाम से विख्यात पद्मश्री डॉ. सुभाष पालेकर स्वयं मौजूद रहेंगे और किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे। कृषि क्षेत्र में डॉ. पालेकर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद विश्वस्त माना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं कई बार डॉ. पालेकर के शून्य लागत प्राकृतिक खेती मॉडल की प्रशंसा कर चुके हैं। शिविर का मूल मंत्र यह है कि केवल एक देसी गोमाता के सहारे 10 से 15 एकड़ जमीन पर बिना एक भी रुपये की रासायनिक खाद खरीदे, भरपूर और विषमुक्त फसल कैसे ली जाए। इस विशाल आयोजन में देशभर से आ रहे किसानों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने भी मोर्चा संभाल लिया है और कार्यक्रम स्थल पर चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

किसानों के ठहरने और भोजन की पूरी व्यवस्था निःशुल्क- आर्थिक तंगी के कारण किसान ज्ञानवर्धक आयोजनों से वंचित न रहें, इसलिए विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रत्येक किसान के लिए आवास, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रखी है।

विधायक का आह्वान- उच्च स्तर के ज्ञान का लाभ उठाएं स्थानीय किसान- विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने नीमच जिले एवं आस-पास के सभी किसानों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर जुड़ने का विशेष आह्वान किया है। उन्होंने कहा, ÷जावद अब देशभर के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती का तीर्थ बनने जा रहा है। मेरी क्षेत्र के किसानों से अपील है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं, जिससे उन्हें घर बैठे ही राष्ट्रीय स्तर का उच्च कोटि का कृषि ज्ञान प्राप्त हो सके।

आयोजन समिति और प्रशासन का पूरा प्रयास है कि यह चार दिवसीय शिविर किसानों की लागत घटाकर उनकी आय बढ़ाने और भारतीय कृषि में नई उम्मीद जगाने में एक मील का पत्थर साबित हो।

## आज श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा श्री रामजी जन्मोत्सव

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** समूचे अंचल में जन-जन की आस्था के केंद्र और वैश्विक परिदृश्य में प्रसिद्धि प्राप्त श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट (तलाई वाले) के तत्वावधान में श्री हनुमान जी महाराज के परम आराध्य भगवान श्री रामजी का जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। आज श्री रामजी नवमी 27 मार्च शुक्रवार को सामूहिक आराधना का आयोजन मंदिर में रखा गया है प्रातः 11¬15 बजे भगवान श्री राम का पंचामृताभिषेक और पूजा होगी। दोपहर 12¬00 बजे भगवान श्री रामजी जन्मोत्सव तथा महा आरती की जाएगी, और सायं काल 6¬00 बजे सामूहिक श्री राम स्तुति और हनुमानजी चालीसा का पाठ होगा। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में यह सभी आयोजन संपन्न होंगे। श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट (तलाई वाले) द्वारा श्रद्धालुओं से आह्वान किया गया है कि इस पावन प्रसंग पर अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक आराधना में सम्मिलित होंवें।

# जिले की 10 समूहों में 26 एकल मदिरा दुकानों का आठवे चरण में

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला आबकारी अधिकारी नीमच ने बताया, किनीमच जिले में वर्ष 2026-27 के लिये अर्थात एक अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर/ ई-टेण्डर कम ऑक्शन आठवे चरण में 10 समूहों की 26 एकल दुकानों को निष्पादन 27 मार्च को शाम 5.30 बजे तक किया जावेगा।

## सम्पादकीय

# मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय-हक़ या केवल सपना?

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुँच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएँ बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय ÷सॉल्ट÷ के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयाँ केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।

शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है–एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहाँ विश्वस्तरीय सुविधाएँ और संसाधन उपलब्ध हैं, और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहाँ कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहाँ हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी।

हालाँकि, यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएँ, संस्कृतियाँ और स्थानीय आवश्यकताएँ हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक ÷कॉमन कोर÷ के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। निजी अस्पतालों की ऊँची फीस आम आदमी के लिए एक बड़ी बाधा है, जबकि सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी और लंबी प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ हैं। कई बार एक साधारण बीमारी भी आर्थिक संकट का कारण बन जाती है। ऐसे में यह विचार सामने आता है कि यदि सभी अस्पतालों का राष्ट्रीयकरण कर उन्हें एक समान व्यवस्था के अंतर्गत लाया जाए, तो हर व्यक्ति को समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकती हैं। डॉक्टरों और कर्मचारियों को सरकार द्वारा वेतन दिए जाने से सेवा का भाव बढ़ सकता है और मुनाफाखोरी पर अंकुश लग सकता है।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुँचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊँची फीस–ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

इन सभी क्षेत्रों–शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय–का पूर्ण राष्ट्रीयकरण एक आदर्श समाधान प्रतीत होता है। एक ऐसी व्यवस्था, जहाँ सरकार सभी संस्थानों को अपने नियंत्रण में लेकर सभी कर्मचारियों को वेतन दे और सेवाओं को निशुल्क एवं समान रूप से उपलब्ध कराए। यह विचार सुनने में आकर्षक है और एक न्यायपूर्ण समाज की कल्पना को मजबूत करता है। लेकिन इसके साथ कई व्यावहारिक चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं।

सबसे बड़ी चुनौती है आर्थिक संसाधनों की। पूरे देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय को पूरी तरह निशुल्क और उच्च गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना एक बहुत बड़ा वित्तीय दायित्व है। इसके लिए सरकार को अपने बजट में बड़े स्तर पर बदलाव करने होंगे, कर व्यवस्था को मजबूत करना होगा और संसाधनों का कुशल प्रबंधन करना होगा।

# ध्यान आनंद की अनुपम अवस्था है तथा तनावपूर्ण परिस्थितियों की आवश्यकता भी



भारत देश योग भूमि है योग साधना कर ध्यान करना यहां की प्राचीन परंपरा रही है संपूर्ण भारतीय तत्वज्ञान और दर्शनशास्त्र योग द्वारा ब्रह्म शक्ति से तादात्म्य पाकर ध्यान अर्थात निर्विचार समाधि प्राप्त करने की कला सिखाता है। हमारे भारतीय तत्वज्ञान के चार प्रमुख मंत्र वाक्य हैं अहम् ब्रह्मास्मि, अयमात्मा ब्रह्म, तत्वमसि और सर्वं खल्विदं ब्राह्मासि।

परम पूज्य श्री माताजी प्रणीत सहज योग हमें ध्यान करने की कला सिखाता है। पतंजलि ऋषि कहते हैं, योगाः चित्तवृत्ति निरोधाः अर्थात चित्तवृत्ति को नियंत्रित कर उन चित्तवृत्तियों को ब्रह्म शक्ति में लीन करना ही ध्यान है। सहज योग में जब साधक को आत्म साक्षात्कार प्राप्त होता है तब उस साधक के चित्त में आने वाले भूतकाल के विचार जो उसकी ईड़ा नाड़ी से आ रहे हैं और भविष्य काल के विचार जो उसकी पिंगला नाड़ी से आ रहे हैं वे सारे विचार शांत हो जाते हैं क्योंकि उसकी ये दोनों नाड़ियां मध्य सुषुम्ना नाड़ी जो रीढ़ की हड्डी के अंतःस्थित हैं जिसे ब्रह्म नाड़ी भी कहा गया है उसमें विलीन हो जाती हैं और उस साधक के पिंड में स्थित कुंडलिनी शक्ति जो प्राण शक्ति है जीवनी शक्ति है वह उर्ध्वगामी बनकर उसके ब्रह्म रंध्र को छेद कर उसे निर्विचार अवस्था प्रदान करती है यही सच्चा ज्ञान है। ध्यान में स्थित साधक उस ब्रह्म शक्ति से अद्वैत स्थापित करता है और इस प्रकार के नियमित ध्यान अभ्यास से वह धीरे-धीरे अपने सारे षडरिपुओं से छूटकर ब्रह्मानंद में लीन होता है। यह ज्ञान अनुभव एक अनुपम सुंदर अवस्था है जिसे हर कोई प्राप्त कर सकता है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत श्री ज्ञानेश्वर जी कहते हैं, जग ही उसकी वस्तुप्रभा अर्थात व ब्रह्म शक्ति संपूर्ण ब्रह्मांड में विराजित है और यह भौतिक चक्र उस चैतन्य शक्ति का प्रकृटीकरण है। ऐसा होते हुए भी हम देखते हैं कि हमारा जीवन अनेक समस्याओं से भरा पड़ा है उन सारी समस्याओं से निजात पाने का एक ही उपाय है वह है उस ब्रह्म शक्ति से एकाकारिता ध्यान की शक्ति को प्रमाणित करता है विश्व द्वारा ध्यान दिवस का आयोजन । हमें प्रण लेना चाहिए कि हम हमारा आत्म साक्षात्कार पाकर उसे ब्रह्म शक्ति से एकाकारिता स्थापित करें और भारतीय तत्व ज्ञान में वर्णित मंत्र वाक्यों को आत्मसात करें। और अपने जीवन को प्रेम, वात्सल्य, करुणा, समाधान, निर्भयता, भक्ति और समर्पण जैसी दैवीय संपदाओं सुसज्जित करें। तो आइए ज्ञान की कला सीखते हैं सहज योग के माध्यम से।

# जलवायु परिवर्तनः भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है।

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा।

दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरुआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है।

**-ललित गर्ग**

# मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठ के सर्वकालिन प्रतिमान प्रभु श्री राम

रामनवमी का पावन पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों की स्मृति का दिवस है। इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, जिन्हें भारतीय संस्कृति में मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि आचरण का ऐसा प्रकाश स्तंभ है जो युगों-युगों तक मानवता को मार्ग दिखाता रहेगा।

भगवान श्रीराम का चरित्र त्याग, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी उन्होंने पिता के वचन की रक्षा के लिए बिना किसी संकोच के चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार कर लिया। यह त्याग केवल एक पुत्र का नहीं, बल्कि आदर्श मानव का परिचायक है, जो अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि मानता है।

श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। वनवास के कठिन जीवन में भी उन्होंने धैर्य, संयम और सहनशीलता का परिचय दिया। राक्षसों का विनाश कर उन्होंने न केवल ऋषियों की रक्षा की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।

भगवान श्रीराम एक आदर्श पुत्र ही नहीं, बल्कि आदर्श भाई, पति और राजा भी थे। अपने भाइयों के प्रति उनका स्नेह, विशेषकर लक्ष्मण और भरत के साथ उनका संबंध, प्रेम और त्याग की सर्वोत्तम मिसाल है। माता सीता के प्रति उनकी निष्ठा और सम्मान भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है।

जब श्रीराम अयोध्या के राजा बने, तब उन्होंने रामराज्य की स्थापना की, जो न्याय, समानता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उनके शासन में प्रजा सुखी और संतुष्ट थी, जहाँ हर व्यक्ति को न्याय मिलता था। आज भी रामराज्य को आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में देखा जाता है।

रामनवमी का यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि श्रीराम के आदर्श केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने के लिए हैं। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब श्रीराम के सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य के सिद्धांत पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

अंततः, भगवान श्रीराम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चा सुख बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और सत्य के मार्ग पर चलने में है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भी श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज को एक बेहतर दिशा देने का प्रयास करेंगे।

राम केवल एक नाम नहीं,
एक आदर्श है जो हर युग में,
हर मन में जीवित रहता है।

**-संजीव ठाकुर**

# युद्ध एवं अशांति के माहौल में महावीर अधिक प्रासंगिकः पासवान




केन्द्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि भगवान महावीर की जन्मभूमि बिहार केवल जैन समाज की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की आस्था और शांति की भूमि है। इस भूमि से युद्ध एवं अशांति के इस माहौल में एक ऐसी क्रांति घटित होनी चाहिए, जो दुनिया में शांति, अहिंसा एवं प्रेम का माध्यम बने। श्री पासवान मुख्य अतिथि के रूप में तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625वें जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर महावीरायतन फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित लोक-धर्मोत्सव 2026 समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। यह समारोह आज मावलंकर ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। उन्होंने आगे कहा कि बिहार को अहिंसा और शांति की वैश्विक भूमि के रूप में स्थापित करने तथा भगवान महावीर की जन्मस्थली को एक भव्य अंतरराष्ट्रीय महातीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए जैन समाज को संगठित और व्यापक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सामूहिक पहल का आह्वान किया। इस अवसर पर अनेक केंद्रीय मंत्री, सांसद, संत-महात्मा, विद्वान, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह एवं जियो और जीने दो के संदेश को वर्तमान विश्व परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक बताया और स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी द्वारा जैन धर्म को जन धर्म बनाने की दिशा में प्रयासों की सराहना की।

राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा- आज जब दुनिया युद्ध, हिंसा और असहिष्णुता के दौर से गुजर रही है, तब भगवान महावीर का अहिंसा और अनेकांत का संदेश मानवता के लिए सबसे बड़ा समाधान है। महावीर का दर्शन विश्व शांति की आधारशिला बन सकता है। लोकप्रिय सांसद, प्रसिद्ध कलाकार एवं गायक मनोज तिवारी ने अपने गीतों के माध्यम से भगवान महावीर को श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा- आज आवश्यकता बिहार से एक ऐसी अहिंसा और नैतिकता की क्रांति की है, जो केवल राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को नई दिशा दे सके। भारत विकास परिषद के महामंत्री श्री सुरेश जैन ने अपने वक्तव्य में कहा- भगवान महावीर का अहिंसा, अनेकांत और शांति का संदेश केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। इन सिद्धांतों को विश्वव्यापी बनाने की आवश्यकता है।

महावीरायतन फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी (गुरुजी) ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर का जीवन आत्मविजय, संयम और करुणा का महान उदाहरण है। उन्होंने कहा कि महावीर ने दुनिया को स्वयं पर विजय प्राप्त करने का मार्ग सिखाया। आज मनुष्य ने विज्ञान से दुनिया को जीत लिया, लेकिन अपने मन को नहीं जीत पाया, इसलिए अशांति और संघर्ष बढ़ रहे हैं। महावीर का मार्ग भीतर की शांति, संतुलन और सहअस्तित्व का मार्ग है। उन्होंने यह भी कहा कि अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से बचना नहीं, बल्कि विचार, वाणी और व्यवहार में करुणा और संवेदना लाना है। सुखी परिवार फाउंडेशन के संस्थापक गणि राजेंद्र विजय जी महाराज भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार ललित गर्ग द्वारा स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी पर लिखित पुस्तक निर्गुण चदरिया का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर ललित गर्ग ने कहा- स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी केवल एक संत नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और एक आध्यात्मिक यात्रा का नाम हैं। 'निर्गुण चदरिया' एक व्यक्ति की जीवनी नहीं, बल्कि आत्मचेतना, साधना और मानवीय मूल्यों की यात्रा का दस्तावेज है।

कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों-साहित्य, पत्रकारिता, शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा एवं मानवीय सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक व्यक्तित्वों को लोक सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से प्रख्यात समाजसेवी श्री धर्मेंद्र जैन, श्री चंद्र कुमार जाजोदिया, श्री मानिकलाल मूलचंद साह, श्री सुरेश पूनमिया, श्री मनोज जैन इशिका, श्री सोहन गिरी एवं उत्कृष्ट लेखन एवं समाज सेवा के लिए श्री ललित गर्ग शामिल थे।

समग्र रूप से लोक-धर्मोत्सव 2026 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अहिंसा, शांति, परिवार, संस्कार और मानवीय मूल्यों का राष्ट्रीय उत्सव बनकर सम्पन्न हुआ। इस आयोजन ने भगवान महावीर के संदेश को नई पीढ़ी और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह आयोजन वास्तव में एक विचार, एक संस्कार और एक शांति-यात्रा का उत्सव बन गया, जिसने यह संदेश दिया कि विश्व को हथियारों से नहीं, बल्कि विचारों, अहिंसा और सहअस्तित्व से शांति मिल सकती है। कार्यक्रम का संयोजन आवाज के जादूगर अनुराग जैन ने किया। भारत की एकता और विविधता एवं महावीर के दर्शन को दर्शाते हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

# रामराज्य को साकार करने की रूपरेखा



रामनवमी का पावन पर्व भारतीय जनमानस के लिए केवल एक तिथि नहीं, बल्कि मर्यादा, त्याग और सत्य की विजय का उत्सव है। यह पर्व हमें एक ऐसे आदर्श समाज की स्मृति दिलाता है, जिसे रामराज्य के रूप में युगों-युगों से एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ माना गया है। नवंबर 2025 में अयोध्या में 'धर्म ध्वजारोहण' के अवसर पर जो संवाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्र के सम्मुख रखा गया, वह न केवल भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक था, बल्कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक सुस्पष्ट नैतिक रोडमैप भी था।

इस विमर्श का सबसे गहरा पक्ष 'विभीषण गीता' का वह प्रसंग था, जिसके माध्यम से प्राचीन मानवीय मूल्यों को आधुनिक सुशासन और राष्ट्र-निर्माण से जोड़ा गया। यह संवाद उस गंभीर क्षण पर होता है, जब रावण को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित एक विशाल रथ पर सवार देखकर विभीषण विचलित हो जाते हैं। इसके उत्तर में जिस 'धर्मरथ' का वर्णन किया गया, वह भौतिक संसाधनों पर आंतरिक गुणों और चारित्रिक सुदृढ़ता की श्रेष्ठता का उद्घोष है।

किसी राष्ट्र की उन्नति के लिए साहस और संयम का संतुलन अनिवार्य है। धर्मरथ के दो पहिए 'शौर्य' और 'धैर्य' इसी संतुलन को दर्शाते हैं। समकालीन संदर्भों में 'शौर्य' का अर्थ नीतिगत निर्णय लेने का साहस और चुनौतियों के सामने अडिग रहने की इच्छाशक्ति है। वहीं 'धैर्य' का अर्थ है उन सुधारों के दीर्घकालिक परिणामों के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक संकटों के समय विचलित न होना। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह आवश्यक है कि राष्ट्र का रथ इन दो गुणों के संतुलन से चले।

धर्मरथ की ध्वजा 'सत्य' और 'शील' का प्रतीक है। आधुनिक सुशासन में 'सत्य' का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही है। जब व्यवस्था में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं होता और प्रत्येक निर्णय सार्वजनिक हित में लिया जाता है, तब सत्य की ध्वजा ऊंची रहती है। आज 'शील' या सदाचार का अर्थ नागरिकों और लोकसेवकों का वह आचरण है, जो मर्यादा के अनुकूल हो। यह आचरण ही किसी देश की छवि को वैश्विक पटल पर स्थापित करता है। बल, विवेक, दम और परहित राष्ट्र की चतुर्मुखी शक्ति है।

धर्मरथ को खींचने वाले ये चार 'घोड़े' राष्ट्र की शक्ति और उसके उद्देश्यों को परिभाषित करते हैं। जहां 'बल' राष्ट्र की सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, वहीं 'शक्ति' संग विवेक का होना अनिवार्य है। आज के युग में विवेक का अर्थ है वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीक का मानवीय कल्याण के लिए उपयोग। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जिम्मेदारी 'दम' का ही आधुनिक रूप है। 'परहित' भी महत्वपूर्ण है। विकास की सार्थकता तभी है, जब वह समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इन चार घोड़ों को नियंत्रित करने वाली लगाम क्षमा, कृपा और समता की रस्सियां हैं। बिना सामाजिक न्याय और समानता के विकास का रथ अनियंत्रित हो सकता है। समावेशी विकास का अर्थ ही यही है कि समाज का हर वर्ग समान रूप से सशक्त बने।

अयोध्या के प्रसंग में 'कोविदार' वृक्ष के प्रतीक का उल्लेख महत्वपूर्ण रहा है। प्राचीन काल में कोविदार का चिह्न अयोध्या की सेना और राज्य की पहचान था। यह प्रतीक हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी जड़ों से कट जाता है, तो उसका वैभव इतिहास में दब जाता है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र है जो अपनी भाषाई विविधता, सांस्कृतिक परंपराओं और प्राचीन ज्ञान तंत्र पर गर्व करता हो। मानसिक दासता से मुक्ति और अपनी पहचान की पुनर्स्थापना ही राष्ट्र के आत्मविश्वास को लौटाती है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। यह युवा शक्ति ही वह सारथी है, जो 2047 के संकल्प को सिद्ध करेगी।

तकनीक, स्टार्टअप्स और नवाचार के माध्यम से आज के युवा भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। युवाओं की ऊर्जा को कर्तव्य बोध के साथ जोड़ना ही 'धर्मरथ' को सही दिशा में ले जाने का मार्ग है। 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएगा, वह हमारे लिए केवल एक संख्या ही नहीं, बल्कि एक पड़ाव होगा। विभिन्न शोधों के अनुसार भारत का लक्ष्य 30-35 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के साथ-साथ गरीबी को न्यूनतम स्तर पर लाने और प्रति व्यक्ति आय को विकसित देशों के समकक्ष पहुंचाने का है। यह लक्ष्य केवल सरकारी नीतियों से संभव नहीं। इसके लिए 140 करोड़ नागरिकों की सामूहिक भागीदारी और 'धर्मरथ' के मूल्यों का व्यक्तिगत जीवन में समावेश आवश्यक है।

प्रभु श्रीराम का जीवन सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी यदि पथ 'धर्म' (कर्तव्य) का हो, तो विजय निश्चित है। जब प्रत्येक नागरिक अपने कार्य को राष्ट्र के प्रति एक आहुति मानेगा और 'परहित' को अपना ध्येय बनाएगा, तभी हम सच्चे अर्थों में रामराज्य की उस परिकल्पना को साकार कर पाएंगे जहां 'बैर न बिग्रह आस न त्रासा' (न शत्रुता, न भय और न ही दुख)। यही वह समय है जब हमें अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना है, ताकि 2047 का भारत न केवल समृद्ध हो, बल्कि मानवता के लिए शांति और न्याय का प्रदाता बने।

**-धनंजय राजौरा**


## अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध

ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद इतिहास ने भले ही एक नई करवट ली हो, लेकिन वहां कुछ परंपराएं जस की तस बनी रहीं। ऐसी ही एक परंपरा ईरानी नववर्ष नौरोज के आयोजन से जुड़ी हुई है, जिसे पलटने के लिए दबाव तो जरूर पड़ा, लेकिन वह कारगर नहीं रहा। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही 21 मार्च को आरंभ होने वाला यह आयोजन 13 दिनों तक चलता है। इसी दौरान भारत में पारंपरिक नववर्ष, उगादी, गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्र का उत्सव भी मनाया जाता है। यह ईरानी और भारतीय संस्कृति के बीच कुछ समानताओं को भी दर्शाता है। देखा जाए तो इस साल नौरोज ईरान के लिए बहुत सुखद नहीं रहा, क्योंकि अमेरिका और इजरायल ने उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा हुआ है। निरंतर हमलों और शीर्ष नेताओं की मौत के बावजूद ईरानियों का हौसला डिगा नहीं है। संभव है कि इसके पीछे कर्बला की शहादत उनकी प्रेरणा बनी है। इस्लामिक क्रांति के दौरान अयातुल्ला खुमैनी यह नारा भी दिया करते थे कि 'हर दिन आशुरा है और हर जगह कर्बला है।' इसका सीधा अर्थ है कि हर दिन संघर्ष है और हर संघर्ष कर्बला की रणभूमि। अमेरिका इजरायल के विरुद्ध जारी इस लड़ाई में ईरानी इसी संकल्प के साथ प्रतिरोध का प्रतीक बनकर उभरे हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया की सबसे शक्तिशाली अमेरिकी सेना और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान को बहुत नुकसान पहुंचा है। पहले से ही तमाम प्रतिबंध झेल रहे ईरान के लिए इस युद्ध ने मुश्किलें और बढ़ाने का काम किया है। उसके परमाणु ठिकानों से लेकर संवेदनशील एवं रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों को भी निशाना बनाया गया। उसके शीर्ष नेतृत्व का करीब-करीब सफाया हो गया है।

**-भारत भूषण बाबू**

# देवास में मकान विवाद ने लिया हिंसक रूप, घर में घुसकर मारपीट का आरोप; पुलिस जांच में जुटी




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के ओम साई विहार क्षेत्र में बुधवार को एक मकान विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीथमपुर निवासी एक महिला अपने साथ कई अन्य महिलाओं के साथ एक मकान पर पहुंची, जहां जबरन प्रवेश और मारपीट की घटना सामने आई है।

आरोप है कि संबंधित पक्ष द्वारा मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया और वहां मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ विवाद हो गया, जो बाद में मारपीट में बदल गया। घटना में एक व्यक्ति, उनकी पत्नी एवं परिवार की एक बुजुर्ग महिला के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

सूत्रों के अनुसार, यह विवाद पारिवारिक एवं संपत्ति संबंधी मामला बताया जा रहा है, जो पिछले कुछ समय से चल रहा था। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

वहीं, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामले में पूर्व में भी शिकायतें की गई थीं, जिन पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना ने शहर में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद तथ्य क्या सामने आते हैं और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

# मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के दिये निर्देश



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह अल्प प्रवास पर देवास पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आयोग मित्र डॉ दीपक शर्मा भी उपस्थित रहे। यहां उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर मानव अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष डॉ. सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी मानव अधिकारों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से लंबित शिकायतों को पेंडिंग प्रकरणों का शीघ्र, निष्पक्ष और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासनिक कार्यवाही में पारदर्शिता और संवेदनशीलता अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानव अधिकारों से जुड़े मामलों में देरी को गंभीरता से लेते हुए जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने आयोग को प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री शोभाराम सोलंकी, एसडीएम देवास श्री अभिषेक शर्मा, तहसीलदार श्रीमती दीपिका पाव तथा डीएसपी सुश्री बबीता बामनिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आपकी इच्छा पूरी हो जाएं यह प्रभु कृपा है इच्छा पूरी नहीं हुई ये प्रभु की इच्छा है - महामंडलेश्वर

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानव के श्रेष्ठ कर्म उसे महा मानव बनाती है किंतु नर से नारायण की यात्रा का मार्ग श्रीमद भागवत दिखाती है।धन हो किंतु लोभ न हो वो श्रेष्ठ मनुष्य है श्रेष्ठता धन से नही धन के सदुपयोग से प्राप्त होती है। अभिमान पद प्रतिष्ठा को नष्ट करती है अंहकार शौर्य और माधुर्य का नष्ट करता है। हमारी सनातन संस्कृति सिर्फ जीवन जीने के नहीं बल्कि प्रभु भक्ति और सेवा धर्म के आनंद से जीने की है।आपकी इच्छा पूरी हो जाए यह प्रभु कृपा है , कोई इच्छा पूरी हुई है तो यह प्रभु की इच्छा है । ईश्वर भक्तों की उसी इच्छा को पूरी करता है जिसमें उसका हित है । यह आध्यात्मिक विचार चौत्र नवरात्रि में केला देवी मंदिर में हो रही संगीतमय श्री मद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर भागवताचार्य महामंडलेश्वर भास्करानंद जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहे । आपने बताए सुदामा कोई गरीब ब्राह्मण नहीं था ।जो ब्राह्मण सखा को सर्वोच्च मानता है वो निर्धन नहीं होता है। आपने उज्जैन की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोग भाग्य शाली है जहां महाकाल और शक्ति की छत्रछाया में रहते है। उज्जैन इस श्रृष्टि का श्रेष्ठ नगर है जहां जगत पति भगवान कृष्ण का गुरुकुल एवं ससुराल है इसलिए मालवा कीर्ति बनी हुई है। हमे हमेशा इष्ट के साथ पंचदेव की पूजा करना चाहिए। कथा मे गुरुदेव जीवन दर्शन के अनेक सूत्र को बताते हुए आध्यात्मिक गाथाओं का सुंदर वर्णन किया। व्यास पीठ की पूजा कथा आयोजक मन्नूलाल गर्ग , गणेशीलाल सिंघल,अनामिका दीपक गर्ग, समिति संयोजक रायसिंह सेंधव, समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, अश्विन गोयल इंदौर ,रमन शर्मा, वीणा महाजन एवं परिवार ने की। आरती में देवास के आध्यात्मिक संत इंदरसिंह नागर, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास , महापौर गीता अग्रवाल , जे के विजय , संघ के अशोक गुप्ता, कैलाश चंद्रावत बीएनपी के सेवानिवृत अधिकारी राजेश पटेल, संजय शर्मा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज राजानी , ओपी तापड़िया, गणेश पटेल , अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या महिला पुरुषों ने कथा का श्रवण किया । आरती पश्चात समस्त श्रोताओं ने माह प्रसादी ग्रहण की। संचालन चेतन उपाध्याय किया आभार दीपक गर्ग ने माना।

# बाईक से कट मारने की बात पर हुआ विवाद, एक युवक पर किया तलवार से हमला

### पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के मनिहारवाड़ी मोहल्ला में बाईक से कट मारने की बात को लेकर विवाद हो गया और आरोपी ने एक युवक पर तलवार से हमला कर दिया। बुधवार रात करीब 12 बजे घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार फरियादी राजेश केवट निवासी भोईवाड़ा अपनी भांजी और मां के साथ मेला देखकर घर लौट रहा था। इसी दौरान मनिहारवाड़ी निवासी अमन पठान अपनी बाइक से आया और कट मारकर निकल गया, जिस पर विवाद शुरू हो गया। राजेश ने आरोप लगाया कि अमन पठान ने गाली-गलौज करते हुए राजेश पर तलवार से हमला कर दिया।

# "पीएम राहत योजना" अन्तर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ित का होगा 1 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) योजना सम्पूर्ण भारत में लागू कर दी गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को डेढ़ लाख तक मुफ्त ईलाज सरकारी एवं चिन्हित प्रायवेट अस्पतालों में मिलेगा।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में बहुत अधिक संख्या में मौतें होती है, जिनमें से अनेक को समय पर चिकित्सकीय सहायता प्रदान कर टाला जा सकता है। यदि दुर्घटना पीड़ितों को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। सड़क दुर्घटना पीड़ित, राह-वीर या दुर्घटना स्थल पर उपस्थित कोई भी व्यक्ति 112 डायल करके निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी प्राप्त कर सकता है और एम्बुलेंस सहायता लें सकता है।

"पीएम राहत योजना" अन्तर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर हुई दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों की अवधि तक प्रति व्यक्ति 01 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा। जीवन को खतरे में नहीं डालने वाले मामलों में अधिकतम 24 घंटे तक तथा जीवन के लिये घातक मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाईजेशन उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा एकीकृत डिजीटल प्रणाली पर पुलिस प्रमाणीकरण के अधीन होगी। "पीएम राहत योजना" किसी भी दुर्घटना पीड़ित का वित्तीय अड़चनों के कारण जीवनरक्षक उपचार से वंचित न रहना सुनिश्चित करते हुए सड़क दुर्घटना में पीड़ितों का जीवन बचाने तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# जिले में सातवें चरण में निष्पादन से शेष रही 48 दुकानों का निष्पादन आठवें चरण में ई-टेंडर के माध्यम से होगा

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहायक आबकारी आयुक्त देवास ने बताया कि जिले में वर्ष 2026-27 के लिए सातवें चरण में निष्पादन से शेष रही 48 मदिरा दुकानों का निष्पादन आठवें चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से होगा। देवास जिले की शेष मदिरा दुकानों (48 शॉप) का वर्ष 2026-27 के लिए शासन की नई आबकारी नीति अनुसार 48 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 20 मदिरा एकल समूहों एवं समूह में सम्मिलित प्रत्येक एकल मदिरा दुकान को पृथक-पृथक ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन दोनों) के माध्यम से निष्पादन किया जाएगा। जिसमें शासन द्वारा 2026-27 के लिए 20 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 48 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का आरक्षित मूल्य 2,36,47,57,360 रुपए निर्धारित किया गया है। आठवें चरण के लिए ऑफसेट प्राइज रिजर्व प्राईज से अधिकतम 15 प्रतिशत से नीचे तक ही अनुमत होगा।

मदिरा दुकानों की निष्पादन की प्रक्रिया वर्ष 2026-27 के लिए 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के लिए अधिसूचना प्रकाशित की गई

सहायक आबकारी आयुक्त देवास ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन अनुसार किए जाएंगे। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन के लिए ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि दिनांक 25 मार्च 2026 को दोपहरः 04.00 बजे से दिनांक 27 मार्च 2026 को दोपहर 12.00 बजे तक रहेगा। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि दिनांक 27 मार्च 2026 को दोपहर 12.05 बजे से होगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत आक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि दिनांक 27 मार्च 2026 को सायं 04.30 बजे से सायंकाल 05.30 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनट के लिये समयावधि में वृद्धि)। ई-टेण्डर खोलने की तिथि संबधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 27 मार्च 2026 को सायंकाल 06.00 बजे (जो भी बाद में हो)। जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगी।

ई-आबकारी पोर्टल पर आवेदक/ कॉन्ट्रेक्टर का पंजीयन रुपए नवीन आबकारी नीति अनुसार मदिरा/समूहों के निष्पांदन की प्रक्रिया ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) में भाग लेने हेतु समस्त प्रकार के आवेदकों (व्यक्ति /फर्म/ लिमिटेड/ लायबिलिटी/ पार्टनर/कंपनी/ कन्सॉर्टियम आदि) को ई-आबकारी पोर्टल पर कान्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है।

सहायक आबकारी आयुक्त देवास ने बताया कि ई-टेण्डर के लिए प्रत्येक मदिरा एकल समूह का आवेदन शुल्क 30000 रुपए रहेगा। राज्य शासन के आदेशानुसार उक्त एकल समूहों के ई-टेण्डर की कार्यवाही केवल ई-टेण्डर के माध्यम से प्रचलित प्रक्रिया अनुसार ही NIC के पोर्टल http://mptenders.gov.in से की जायेगी। ई-टेण्डर से संबंधित सुसंगत प्रावधान नवीन ई- टेण्डर व्यवस्था के अनुक्रम में यथोचित संशोधित रूप से प्रभावशील होंगे। ई- टेण्डर तिथियों में एवं प्रक्रिया में यथा आवश्यक परिवर्तन का अधिकार शासन/आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश को रहेगा। स्थान (लोकेशन) उनका आरक्षित मूल्य, ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जाने वाली धरोहर राशि, नियमों, विक्रय ज्ञापन, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों की विगत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर 2025 तक की खपत आदि की जानकारी, इस कार्यालय से घोषित समयावधि में (अवकाश के दिन सहित) किसी भी दिन कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकेगी। मदिरा दुकानों के ई-टेण्डर द्वारा निष्पादन के संबंध में राजपत्र, वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in एवं आबकारी विभाग की वेबसाईट www.mpexcise.mp.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादित होने वाली मदिरा दुकानों/एकल समूह के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-टेण्डर सुविधा प्रदाता NIC के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर भी अपलोड/घोषित की जायेगी। मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु ई-टेण्डर की कार्यवाही में जो व्यक्ति/फर्म/ कम्पनी/कन्सार्टियम भाग लेना चाहें, वे इस संबंध में उल्लेखित वर्णित प्रक्रिया, शर्तो एवं प्रतिबंधों के अंतर्गत ई-टेण्डर द्वारा NIC के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन ऑफर दे सकते हैं। वर्तमान अनुज्ञप्तिधारी अथवा पूर्व वर्ष में कान्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल पर पंजीकरण कर चुके आवेदकों को भी पुनरू वर्ष 2026-27 हेतु पंजीकरण कराना अनिवार्य है ।

ई.आबकारी पोर्टल पर कान्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल के अंतर्गत पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदक/कॉन्ट्रेक्टर का पंजीयन में कठिनाई/ समस्या आने पर कार्यालय सहायक आयुक्तं आबकारी कक्ष देवास से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

## आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त दलीप कुमार ने निगम बैठक हाल मे बैठक आहूत कर दिये गये निर्देशों की समीक्षा की साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण गाइडलाइन के क्रम में किये जाने वाले स्वच्छता के विभिन्न कार्यों की जानकारी संबंधितों से ली। आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यो को लेकर की गई तैयारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा तदअनुसार मुख्य रूप से शहर की बेक लेन सफाई, सौंदर्यीकरण, नालियों की सफाई, गीले एवं सुखे कचरे का प्रथक्कीकरण, खुले प्लाटों की सफाई, सीएनडी वेस्ट, ग्रीनरी एवं नालों के आसपास जालियां लगाने एवं नेट लगाने, सिवरेज लाइन का सफाई कार्य जिसमें चैम्बरों से ओव्हर फ्लो, सिवरेज के पानी का निराकरण पर विशेष फोकस देते हुए प्र.स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा एवं सभी स्वच्छता निरीक्षकों को 1 हफ्ते मे सुधार कार्य किये जाने के निर्देश दिये। स्वच्छता के कार्यो मे लगने वाले उपकरणों की व्यवस्था, डोर-टु-डोर कचरा वाहनों मे सुधार के साथ वार्ड के सभी दरोगाओं को जिन वार्डो से कचरा संग्रहण वाहनों में गीला, सुखा कचरा एक साथ मिक्स होकर आ रहा है उन वार्डो को चिन्हित कर नागरिकों का समझाइश दिये जाने के साथ ही जिन रेस्टोरेंट, अस्पतालों, मैरीज गार्डनों से मिक्स कचरा पाये जाने पर चालानी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। शहर के प्रमुख चौराहे, चाट चौपाटी, पान दुकानों के रेड स्पॉट चिन्हित कर सुधार करवाये जाने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिये।

# जाते-जाते तपाने लगा मार्च, 38 पार पहुंचा तापमान




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुबह-शाम चल रही हवाओं से अब तक गर्मी का असर कम था, लेकिन जाते-जाते मार्च तपाने लगा है। गुरूवार को नगर का अधिकतम तापमान 38.1 दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री पहुंच गया। जिसके चलते गुरूवार का दिन इस सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन रहा। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा।

मार्च माह से गर्मी की शुरूआत हो जाती है और तापमान आसमान छूने लगता है, लेकिन इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम सर्द बना हुआ था। बीच में हुई बारिश का असर भी मौसम में देखा जा रहा था। जिसके चलते रात में चलने वाली सर्द हवाएं लोगों को गर्मी से राहत दे रही थी। तो सुबह भी लोगों को ठंडक का एहसास हो रहा था। लेकिन गुरूवार को हवाओं की मौजूदगी के बाद भी लोगों के पसीने छूट रहे थे। शाम को भी हवाएं जरूर चली लेकिन उनमें ठंडक से ज्यादा गर्माहट महसूस की जा रही थी। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब गर्मी का पारा बढ़ेगा और गर्म हवाएं भी चलेंगी। संभवतया अप्रैल माह के पहले सप्ताह से गर्मी का असर बढ़ने लगेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान तापमान भी 40 डिग्री से अधिक पहुंच सकता है।

अब तक नगरवासियों को रात में गर्मी से राहत मिली हुई थी और रात में चल रही ठंडी हवाएं लोगों को राहत दे रही थी। लेकिन बुधवार रात से ही मौसम पूरी तरह बदल गया और हवाओं में भी ठंडक से ज्यादा गर्माहट घुलने लगी है। गुरूवार को भी नगर का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री तक पहुंच गया।

# महाअष्टमी पर विधायक की उपस्थिति में 101 कन्याओं को मिला निःशुल्क गणवेश

### उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ गरिमामय समारोह का आयोजन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के विधायक अरूण भीमावद के जन्मदिन के उपलक्ष्य व महाअष्टमी पर्व पर गुरूवार को 101 कन्याओं का पूजन कर उन्हें विधायक के हाथों गणवेश का वितरण किया गया। विधायक श्री भीमावद ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणा बताया।

विधायक श्री भीमावद ने अमित जाटव के इस सराहनीय एवं अभिनव प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने इसे नारी शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। समाजसेवी अमित जाटव ने कहा कि नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है और विधायक जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इस सेवा कार्य को संपन्न करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहने का संकल्प भी लिया। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य हेमेंद्र यादव, समाजसेवी बृजेंद्र सिंह ठाकुर, कालूराम केम, कैलाश राठौड़, नारायणसिंह पुष्पद, पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश पाटीदार, सेवानिवृत्त थाना प्रभारी अवधेशसिंह शेषा और लक्ष्मी नारायण कारपेंटर सहित उत्कृष्ट विद्यालय परिवार से शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मालवीय ने किया तथा आभार श्री जाटव ने माना।

# कार चालक की लापरवाही से हुई थी दो युवकों की मौत

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक वर्ष पूर्व कार चालक की लापरवाही से हुए सड़क हादसे में हुई दो युवकों की मौत पर 54 लाख 80 हजार 500 रू. क्षतिपूर्ति राशि देने के आदेश न्यायालय ने संबंधित को दिए हैं। इस मामले में परिजनों ने न्यायालय में दावा प्रस्तुत किया था।

अभिभाषक कमल कमार पाटीदार एवं अभिभाषक जावेद पठान बेरछा ने बताया कि 30 जनवरी 2025 को दीपक अपने दोस्त प्रवीण व दिनेश के साथ मोटर साइकिल से बेरछा जा रहा था। मोटर साईकल दीपक चला रहा था तथा प्रवीण व दिनेश पीछे बैठे थे। जैसे ही उनकी मोटर साइकिल बिकलाखेडी-बेरछा रोड स्थित खोरिया शमशान के सामने पहुंची सामने से आ रही कार के चालक ने वाहन अत्यन्त तेजगति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए इनकी मोटर साईकल में रांग साईड से आकर टक्कर मार दी, जिससे प्रवीण, दीपक व दिनेश तीनो मोटर साईकल सहीत रोड पर गिर गए। इस घटना में दीपक व प्रवीण को गंभीर की चोटें आई और दीपक व प्रवीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक प्रवीण पिता रामेश्वर (23) वर्ष एवं दीपक पिता प्रेमनारायण डाबी (21) निवासी ग्राम कुडाना की मृत्यु पर उनके परिजनो द्वारा शाजापुर न्यायालय मे दुर्घटना दावा प्रस्तुत किया गया। जहां सुनवाई के पश्चात 24 मार्च 2026 को द्वितीय एम.ए.सी.टी शाजापुर ने प्रवीण की मृत्यु पर क्षतिपूर्ति स्वरूप 26 लाख 04 हजार एवं दीपक की मृत्यु पर क्षतिपूर्ति स्वरूप 28 लाख 76 हजार 500 रूपये की राशि दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस वालेंटियर संभाल रहे मेले की व्यवस्था



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में आयोजित ऐतिहासिक रात्रीकालीन माँ राजराजेश्वरी मेले में व्यवस्थाओं को सुचारू करने में शासकीय नवीन कालेज के एनएसएस वालंटियर्स और एनसीसी कैडेट्स पूरी निष्ठा के साथ प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर डटे हुए हैं। मेले के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए, ये युवा सेवा और अनुशासन की नई मिसाल पेश कर रहे हैं।

मेले के अत्यंत संवेदनशील ड्यूटी पाइंट्स जैसे पार्किंग स्थल, मुख्य प्रवेश मार्ग और दो नंबर गेट पर एनएसएस वालंटियर्स और एनसीसी कैडेट्स की संयुक्त टीमें तैनात हैं। वहीं सफेद वर्दी में एनएसएस के वालंटियर्स यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु टंकी चौराहा, दुपाड़ा रोड और ट्रैफिक पाइंट्स पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ताकि दर्शनार्थियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने कहा कि रात्रि के समय अनुशासन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन हमारे कालेज के बच्चों का सेवा भाव सराहनीय है। विशेष रूप से इस सेवा कार्य में बालिकाएं भी बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। सेवा कार्य के दौरान एनएसएस से शिवम परिहार, सुरेश कुमार चोरडिया और कौशल्या पुष्पद, सलोनी परमार तथा एनसीसी से अभिषेक डाबी, पंकज फुलेरिया, लोकेश राजपूत, बुलबुल राठोर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मेले में की जा रही इस सेवा से उनका प्रैक्टिकल अनुभव और सामाजिक सेवा के प्रति उनका लगाव और भी गहरा होता जा रहा है, वही एनएसएस यूनिट एम्बेसडर रवि कुमार ने बताया कि मेले में सेवा करना केवल एक ड्यूटी नहीं, बल्कि समाज से जुड़ने का सबसे अच्छा माध्यम है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् आगर जिला आगर मालवा म.प्र.

क्रमांक/निर्माण/2026/1037 — आगर दिनांक 25/03/2026

// विज्ञप्ति सूचना //

प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के द्वारा पंजीकृत ठेकदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (online) निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mpetender.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्य की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत/कार्य की समयावधि | EMD निविदा प्रपत्र का शुल्क | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_494686_1 | नगर के विभिन्न 10 स्थानों पर नलकूप खनन कार्य– 2nd call | 25.73 लाख 3 माह | 19304/ 5000/– | 10/04/2026 |
| 2 | 2025_UAD_494691_1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवश्यतानुसार विभिन्न वार्डों में जंगला, चेनल, चैम्बर ढक्कन आदि सप्लाई/फीटिंग करने बावत्। | 20 लाख 12 माह | 15000/– 2000/– | 25/04/2026 |
| 3 | 2025_UAD_4946901 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवश्यतानुसार विभिन्न वार्डों में मुर्रम, चुरी, बोल्डर, पत्थर आदि सप्लाई करने बाबत्। | 20 लाख 12 माह | 15000/– 2000/– | 25/04/2026 |

(निलेश विजय कुमार जैन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् आगर

(कुशल सिंह डोडवे)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, आगर

# धार जिले में सहकारिता विभाग का बड़ा कारनामा सामने आया

## रिटायरमेंट नहीं देने और नोटिस के दबाव में प्रभारी प्रबंधक की मौत का आरोप




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार जिले के तिरला क्षेत्र से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है।

जहाँ सहकारिता विभाग के अधिकारियों पर अवैधानिक आर्थिक लाभ और दबाव की राजनीति के चलते एक प्रभारी प्रबंधक की मौत होने के गंभीर आरोप लगे हैं।

मृतक अशोक पाटीदार की पत्नी ने तिरला थाने में आवेदन देकर जिलाउपायुक्त सहकारिता, सोसायटी प्रशासक और जिला सहकारी बैंक प्रबंधक पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि 65 वर्ष की उम्र पार करने के बावजूद मृतक को सेवा निवृत्त नहीं किया गया और बाद में भारी ब्याज की राशि जमा करने का नोटिस देकर दबाव बनाया गयाज जिसके बाद सदमे में उनकी मौत हो गई।

यह है मामला- बहुउदेशीय प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मर्या तिरला में अशोक पाटीदार प्रभारी प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। तिरला सोसायटी प्रशासक व डीआर एवं प्रबंधक जिला सहकारी बैंक धार की मिली भगत के चलते उम्रदराज व्यक्ति को नोकरी पर रखकर अनैतिक लाभ उठाने के लिए दबाव बनाकर नौकरी पर यथावत रखा गया। जबकि प्रभारी प्रबंधक अशोक पाटीदार की सहकारिता विभाग में जन्म तिथी 1 जून 1961 दर्ज है। वर्तमान में अशोक पाटीदार की उम्र करीब 65 वर्ष हो चुकी थी। जबकि शासन के नियम है कि 62 वर्ष में ही अनिवार्य सेवा निवृति होती है। मृतक अशोक पाटीदार की पत्नि जानीबाई ने प्रशासक व डीआर एवं प्रबंधक जिला सहकारी बैंक धार के विरुद्ध अनैतिक लाभ कमाने के उदेश्य से अनिवार्य सेवा निवृति नही देने का आरोप लगाया है।

डीआर, प्रशासक व बैंक प्रबंधक पर लगाए गंभीर आरोप- तिरला सोसायटी प्रभारी प्रबंधक अशोक पाटीदार जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है। मृतक अशोक की पत्नि जानीबाई पाटीदार ने तिरला सोसायटी प्रशासक रमेशचंद पेंडारकर व जिलाउपायुक्त सहकारिता वर्षा श्रीवास एवं प्रबंधक जिला सहकारी बैंक धार केके रायकवार पर पति की मौत को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए है। मृतक की पत्नि जानी बाई ने बताया कि मेरे पति अशोकजी की उम्र 65 वर्ष होने के बावजुद विभाग में पदस्थ अधिकारियों ने अनिवार्य सेवा निवृति जानबुझकर नहीं दी। मेरे पति बहुत सीधे व्यक्ति थे। मेरे पति का सेवा काल बिलकुल बेदाग रहा। पुरे कार्यकाल के दौरान उन पर किसी प्रकार के आरोप नहीं लगे थे। उनके सीधे होने का फायदा विभाग के अधिकारियों ने खुब उठाकर आर्थिक शोशण किया। मेरे पति को बिना आधार के अनियमितता का आरोप लगाकर जिला सहाकारी बैंक धार ने 12 मार्च 2026 को पत्र क्रमांक /स्थापना/ 2025-26/4224 द्वारा अनाधिकृत रुप से संस्था की नगदी सिल्लक के ब्याज की राशि 12,63,526 रु तीन दिवस में संस्था के खाते में जमा करने का नोटिस दिया गया। जिसमें मेरे पति अशोक पाटीदार पर अनाधिकृत रुप से राशि उपयोग करने का आरोप लगाया गया। तथा तीन दिवस में उक्त राशि जमा नहीं होने पर पुलिस कार्रवाई की धमकी दी गई। उक्त पत्र कमांक द्वारा दी गई धमकी एवं अनाधिकृत से राशि गबन का आरोप लगाने से आहत होकर मेरे पति सदमे में आ गए और 15 तारीख की रात में अचानक से मेरे पति की मृत्यु हो गई।

65 वर्ष की उम्र तक रिटायर नहीं कर आर्थिक शोषण किया- तिरला प्रबंधक मृतक अशोक पाटीदार की बेवा जानी बाई पाटीदार निवासी बोधवाडा ने आगे बताया कि मेरे पति की उम्र 65 वर्ष हो जाने तक अनिवार्य सेवा निवृति नही दी गई। मेरे पति ने मुझे कई बार बताया कि तिरला सोसायटी प्रशासक रमेशचंद पेंडारकर व जिलाउपायुक्त सहकारिता वर्षा श्रीवास एवं प्रबंधक जिला सहकारी बैंक धार केके रायकवार रिटार्यड नहीं कर रहे है। और मुझसे रिकार्ड में अनैतिक काम करवाकर आर्थिक शोषण कर रहे है। आर्थिक शोषण एवं दबाव के चलते मेरे पति अशोक पाटीदार नि बोधवाडा की मृत्यु के जिम्मेदार उपरोक्त तीनों अधिकारी है। अशोक पाटीदार की विधवा ने पूलिस थाना तिरला में आवेदन देकर तीनों अधिकारियों के विरुध हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

# बदनावर में प्रशिक्षण शिविर को लेकर बैठक संपन्न



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 28 एवं 29 मार्च को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर के संबंध में आज नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर के नेतृत्व में मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

यह प्रशिक्षण वर्ग 28 एवं 29 मार्च को प्रातः 9ः00 बजे से करिश्मा पैलेस, बदनावर में आयोजित होगा, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में महामंत्री संतोष राव, गौरव होती, उपाध्यक्ष पवन चावला, अंशुमान जोशी, रमेश पाटीदार, सुनील परमार, श्रीमती प्रीति रावल, मंत्री पीयूष मूणत, आशीष सोनी, चिंटू पाटीदार, अमर सिंह डावर, भेरूलाल डावर, गौरव जैन, श्रीमती अनिता संतोष चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह चौहान द्वारा दी गई।

# उज्जैन में सी एम मोहन यादव ने आर्यावृत पत्रकार संघ के पदाधिकारीयों से की भेंट



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आर्यावृत पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को उज्जैन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके जन्मदिवस के अवसर पर सौजन्य भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से संगठन के आगामी कार्यों को लेकर सकारात्मक और सार्थक चर्चा की। मुलाकात में विशेष रूप से पत्रकारों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके हितों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संगठन की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने रुचि दिखाई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री- राष्ट्रीय महासचिव राकेश सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी (नीति एवं शोध) प्रवीण चावला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला जल अभावग्रस्त घोषित, निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में लगातार गिरते भू-जल स्तर एवं संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रीति यादव द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (संशोधन 2002 एवं 2022) के अंतर्गत आगर-मालवा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार जिले में अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। बिना संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के कोई भी बोरिंग मशीन जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेगी तथा नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। अवैध रूप से नलकूप खनन करने या प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई हेतु अधिकृत किया गया है। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। आवश्यकता पड़ने पर निजी जल स्रोतों का अधिग्रहण सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था हेतु किया जा सकेगा। यह आदेश 25 मार्च 2026 से प्रभावशील होकर 31 जुलाई 2026 तक लागू रहेगा। आदेश में आवश्यक मामलों में जांच उपरांत अनुमति देने का अधिकार संबंधित एसडीएम को प्रदान किया गया है।

दंड का प्रावधान - आदेश का उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध में 5,000 रुपए तक जुर्माना तथा पुनरावृत्ति पर 10,000 रुपए तक जुर्माना या दो वर्ष तक कारावास का प्रावधान किया गया है।

# बखतगढ़ व ग्रामीण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शनिवार से होगा शुरू

## तैयारियो को लेकर हुई बैठक, व्यवस्थाओ को लेकर की चर्चा,



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन दिनों मंडलो के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे है। विधानसभा क्षेत्र के 3 मंडल नगर, ग्रामीण व बखतगढ़ मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शनिवार व रविवार को होंगे।

बखतगढ़ मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग भेंसोला में स्थित एक निजी गार्डन में होंगॉ। जिसकी तैयारियो को लेकर गुरुवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार व प्रशिक्षण वर्ग के जिला सह संयोजक अक्षय शर्मा ने बैठक लेकर व्यवस्थाओ के बारे में चर्चा की। प्रशिक्षण सत्र में पंजीयन, भोजन, पेयजल, पार्किंग, ठहरने के लिए व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा कर अलग अलग व्यवस्था बांटी गई। इस मौके पर बखतगढ़ मंडल के अध्यक्ष संजय सिंह राठौर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज़ सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि बखतगढ़ व ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शनिवार से शुरू होगा। जिसका समापन रविवार को होगा। ग्रामीण मण्डल का वर्ग यहां बड़ी चौपाटी के पास एक निजी पैलेस में होगा। मंडलो के प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत सुबह 9 बजे से होगी। अपेक्षित नेताओ व कार्यकर्ताओ के पंजीयन के पश्चात सुबह 11 बजे से उद्धघाटन सत्र शुरू होगा। इसके बाद पहले दिन अलग अलग वक्ताओं द्वारा कुल छह सत्रों को संबोधित किया जाएगा। वही दुसरे दिन रविवार को अंतिम दिन दो सत्र होंगे। जिसमे वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा।

# जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 के कार्यों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रथम चरण में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज 26 मार्च 2026 को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में जाकर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, डेटा संकलन की विधियों तथा निर्धारित ऐप एवं प्रपत्रों के सही उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अभ्यास कराया गया, जिससे वे आगामी जनगणना कार्यों को दक्षता एवं सटीकता के साथ संपादित कर सकें। साथ ही, उन्हें जनगणना कार्य के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनगणना 2027 का कार्य पूर्ण रूप से व्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सके।

# भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट ने की नागदा में मिनी ब्लड बैंक स्थापित करने की मांग

**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन जिले की सबसे बड़ी तहसील नागदा में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने, बड़ी आबादी होने एवं निरंतर जिला बनाने की मांग के बावजूद भी नागदा की जनता आज रक्त जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भटकने को मजबूर है।

भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट ने प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि नागदा के सिविल हॉस्पिटल में शीघ्र मिनी ब्लड बैंक स्थापित किया जाए। वर्तमान स्थिति यह है कि मरीजों को लगभग 50-55 किलोमीटर दूर से रक्त लाना पड़ता है, जिससे समय, धन एवं जीवन–तीनों पर संकट उत्पन्न हो जाता है।

जिला मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि पूर्व में नागदा के सरकारी अस्पताल में मिनी ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध थी, जो वर्तमान में बंद पड़ी है। वहीं निजी अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक भी लंबे समय से बंद है। रक्तदान करने वाले लोग उपलब्ध हैं, लेकिन रक्त निकालने एवं स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों के परिजनों को उज्जैन, रतलाम या अन्य शहरों की ओर जाना पड़ता है।

नागदा-खाचरोद क्षेत्र की लगभग 2 से 2.50 लाख की आबादी में थैलेसीमिया, गर्भवती महिलाओं, एनीमिक मरीजों एवं दुर्घटना पीड़ितों को समय पर रक्त नहीं मिल पाने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी परिस्थितियों में परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### क्या किया जा सकता है

नागदा सिविल हॉस्पिटल में तत्काल मिनी ब्लड बैंक शुरू किया जाए।

सभी ग्रुप के रक्त की आवश्यक यूनिट्स उपलब्ध रखी जाएं।

एक प्रशिक्षित टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाए।

रक्त संग्रहण, स्टोरेज एवं ट्रांसफ्यूजन की पूर्ण व्यवस्था की जाए।

स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएं।

विशेषज्ञों के अनुसार रक्त की जीवन अवधि लगभग 20-25 दिन होती है, ऐसे में यदि समय पर उपयोग न हो तो उसे बड़े अस्पतालों में भेजकर सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है।

### मरीज एवं परिजनों की समस्या

रक्त की अनुपलब्धता के कारण मरीज अस्पताल में भर्ती रहते हुए भी उपचार से वंचित रह जाते हैं। वहीं परिजन मानसिक तनाव के साथ-साथ आर्थिक बोझ से भी टूट जाते हैं। उन्हें निजी खर्च पर दूसरे शहरों में जाकर रक्त लाना पड़ता है, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश

भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव ने कहा–

स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार हैं। नागदा जैसे बड़े क्षेत्र में ब्लड बैंक का अभाव अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन-प्रशासन को तत्काल इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए मिनी ब्लड बैंक की स्थापना सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े।

अन्य पदाधिकारियों के संदेश

प्रदेश मीडिया प्रभारी जीवनलाल जैन, जिला मीडिया प्रभारी गगन बोहरा, नागदा जर्नलिस्ट क्लब अध्यक्ष मांगीलाल पोरवाल, अधिमान्य पत्रकार कल्याण एकता संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष जया बघेल, राजू गुप्ता सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधियों ने इस मांग का समर्थन करते हुए इसे जनहित का अत्यंत आवश्यक विषय बताया है।

संगठन के शिवम तिवारी, कृष्णा यादव, डॉ. प्रेम कुमार वैद्य, रामवेश सिंह राजावत, युवराज सिंह राठौर, मनीष गुप्ता, जीवनलाल जैन (चाय वाले) ने संयुक्त रूप से कहा–

नागदा में मिनी ब्लड बैंक की स्थापना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि हजारों लोगों के जीवन की सुरक्षा का प्रश्न है। हम शासन से मांग करते हैं कि इस जनहितकारी कार्य को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि नागदा, खाचरोद एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को राहत मिल सके।

# स्नेह के बैद्धिक दिव्यांग विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में लहराया परचम

## स्नेह संस्था का 100 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम




**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश की सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग सशक्तिकरण संस्था के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित एवं लायंस ऑफ नागदा की स्थायी परियोजना स्नेह के विशेष बच्चों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम प्रस्तुत कर समाज को प्रेरित किया है।

हाल ही में घोषित कक्षा 8वीं एवं कक्षा 5वीं के परिणामों में स्नेह के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कक्षा 8वीं में पुष्कर (60.5%) एवं गौरव (60.8त्न) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं 8 अन्य विद्यार्थियों ने भी 50त्न से अधिक अंक अर्जित कर अपनी निरंतर प्रगति का परिचय दिया। इसी प्रकार कक्षा 5वीं में सत्यम ने 65.3त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शेष 3 विद्यार्थियों ने भी संतोषजनक प्रदर्शन किया। इस प्रकार बोर्ड परीक्षाओं में शामिल सभी 14 बौद्धिक दिव्यांग विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता हासिल कर 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया। इसमें शैक्षेणिक उपनिदेशक महेश चंद राठौर के निदेशन में विशेष शिक्षक सुनील गौतम, जीवेन्द्र बीसेंन एवं रमेश सिलावट का उत्कृष्ट योगदान रहा।

स्नेह संस्था में बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगता वाले बच्चों को विशेष शिक्षण, थेरेपी एवं समग्र विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इन परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि उचित मार्गदर्शन, निरंतर प्रयास और समर्पित शिक्षकों के सहयोग से विशेष बच्चे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं।

संस्था के संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता केवल अंकों की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, स्वावलंबन और समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यार्थियों की इस महती उपलब्धि पर प्रबंधन समिति एवं सभी स्टाफ ने उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री द्वारा पेटलावद क्षेत्र में जल संसाधन की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा पेटलावद क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं कानाकुआं तालाब एवं रामगढ़ बैराज के निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में कानाकुआं तालाब परियोजना के अंतर्गत ?435.05 लाख की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जिसके पूर्ण होने पर लगभग 155 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं रामगढ़ बैराज परियोजना ?379.40 लाख की लागत से निर्मित की जाएगी, जिससे लगभग 235 हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित होगा।

इस अवसर पर मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए जल संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पानी ही खेती की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, बल्कि वर्षा जल का बेहतर संचयन भी संभव हो सकेगा।

उन्होंने आगे कहा कि कानाकुआं तालाब एवं रामगढ़ बैराज जैसे निर्माण कार्य से क्षेत्र में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे किसानों को समय पर सिंचाई उपलब्ध होगी, फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी तथा कृषि पर निर्भर परिवारों की आय में भी वृद्धि होगी। साथ ही, यह परियोजनाएं भूजल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होंगी।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राज्य शासन द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई जैसे मूलभूत क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अंचलों में रहने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक किसान को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो और उन्हें खेती के लिए किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# नवांकुर संस्थाओ का जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की नवांकुर संस्थाओ का 01 दिवसीय जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सभाकक्ष मे आयोजित किया गया। इस बैठक सह प्रषिक्षण कार्यक्रम मे जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा एवं समस्त जिले की नवांकुर समितियो व समस्त विकासखण्ड समन्वयक एवं जिला उद्यानिकी विभाग के अधिकारी श्री सुमेर सिह सोलंकी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के किए जाएंगे कार्य

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सतत विकास को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान चलाया जा रहा है। 19 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून 2026 तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह महाअभियान केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन-अभियान के रूप में चल रहा है।

इस वर्ष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के कार्यों को भी शामिल किया गया है। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत 68 कंटूर ट्रेंच, 91 गेबियन संरचनाएं, 842 खेत-तालाब, 26 स्टॉप डैम, 204 चेक डैम, 281 तालाब, 76 रिचार्ज शाफ्ट तथा 19 अन्य जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के माध्यम से वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण एवं जल उपलब्धता में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा में विस्तार एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्तग हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 1.0 के अंतर्गत पूर्व में निर्मित स्टॉप डैम एवं चेक डैम की मरम्मत एवं नवीनीकरण के कार्य भी किए जाएंगे।

# मैं अध्यक्ष नही, नगर सेवक हु, आपने दायित्व दिया सबके सहयोग से काम करूंगा - नवनियुक्त अध्यक्ष सोनी

## नवनियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने भाजपा नेताओ की मौजूदगी में किया पदभार ग्रहण




**सुसनेर/गिरिराज बंजारिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद रिक्त होने जे बाद मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार नियुक्त नगर परिषद सुसनेर के अध्यक्ष पद पर गुरुवार को प्रदीप बद्रीलाल सोनी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के पूर्व प्रदीप सोनी ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में हनुमानजी का पुजन अर्चन किया। उसके बाद जुलूस के रूप में नगर परिषद कार्यालय पहुँचे। जहाँ नव नियुक्त अध्यक्ष सोनी ने भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, प्रदेश प्रतिनिधि दिलीप सकलेचा, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा व मयंक राजपूत, जिला उपाध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह चंद्रावत, मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन की मौजूदगी में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में नगर चहुमुंखी विकास की अपेक्षाओं के साथ नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे आपने बनाया है, मैं नगर अध्यक्ष नही नगर सेवक हु। कप सबके सहयोग से काम करूंगा। आपके विश्वास पर खरा उतरने की पूर्ण कोशिश करूंगा। उन्होंने संगठन का आभार व्यक्त किया। साथ ही सम्बोधन में उनके कार्य की झलक देखने को मिली उन्होंने मंच से गई नगर की स्वच्छ रखने की अपील की। जुलुस के दौरान नगर में जगह-जगह कार्यकताओं द्वारा सरोपा बांध पुष्प मालाओ से नव अध्यक्ष प्रदीप सोनी भाजपा पदाधिकारीयो का स्वागत कर बधाई दी। संचालन सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया ने किया तथा आभार मंडल महामंत्री लखन सेन ने माना। इस अवसर पर नलखेडा मण्डल अध्यक्ष पवन वेदिया, भाजपा नेता मुकेश लोढ़ा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, अजा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ बीएस वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाज़ खान, सैनिकों प्रकोष्ठ के सीताराम परमार, भूपेंद्र शास्त्री, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव, पूर्व मण्डल महामंत्री पवन शर्मा, पूर्व नप उपाध्यक्ष अभय जैन, मण्डल महामंत्री लखन सेन, कालूसिंह नाहरखेड़ा, अनिल जैन, मंडल उपाध्यक्ष कल्याण सिंह कड़िया, कमल भावसार,जसवंत सिंह पालड़ा, मीडिया प्रभारी दीपक जैन, सह प्रभारी युगल किशोर परमार, गोपाल पाटीदार, दिनेश कानुडिया, मोहन कानुडिया, शैलेंद्र सिंघई, सिद्धू सिंह पटपडा, पीरू सिंह सारखा, प्रदीप बजाज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बालाजी धाम में रामनवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, अखंड रामायण पाठ और भक्ति रस से सराबोर हुआ बघाना क्षेत्र



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर नीमच के उपनगर बघाना स्थित बालाजी धाम मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। रामनवमी के शुभ अवसर पर गुरुवार को प्रातः 8 बजे से एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में लगातार रामायण पाठ, भजन और कीर्तन चल रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा हुआ है। विशेष रूप से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम के प्राकट्य के पावन क्षण पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम की आराधना करेंगे। महाआरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। मंदिर में पिछले नौ दिनों से चल रहे हवन अनुष्ठान का समापन 27 मार्च को प्रातः 10 बजे पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इस अनुष्ठान में भी क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। रामनवमी के इस पावन पर्व पर बालाजी धाम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे बघाना क्षेत्र को धार्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूबा हुआ है।

## विकासखंड बड़वानी में गुरूवार को कवच कार्यक्रम के अंतर्गत बाल संरक्षण शपथ कार्यक्रम का सफल आयोजन

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में पहल जन सहयोग विकास संस्था के विकासखंड समन्वयक श्री जुनेद खान एवं क्षेत्रीय समन्वयक श्री अजय वनियाल द्वारा उपस्थित सभी को बाल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रीति बड़ोले, सुपरवाइजर मुन्नी चौहान तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी, जिसमे 27 की संख्या रही,प्रतिभागियों को बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी ने यह संकल्प लिया कि वे बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण एवं बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा का विरोध करेंगे तथा बच्चों के जीवन, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकारों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे। ग्रामीणों को यह भी अवगत कराया गया कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी बच्चे के साथ दुर्व्यवहार, हिंसा या उपेक्षा की घटना सामने आती है।

# पेयजल नमूनों की जांच रिर्पोट संबंधित पंचायतों को भी दी जाए-श्री चंद्रा

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां.विभाग श्री दीपेश वास्पत, महाप्रबंधक जल निगम श्री धीरेन्द्र कुमार बिजोरिया, सभी समिति सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की प्रगति एवं ग्रीष्मकालीन ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये है,कि ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के नवीन नलकूप खनन की मांग पत्रों पर मौका निरीक्षण कर आवश्यकता के अनुरूप स्थल का चयन कर, प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिले की जिन ग्राम पंचायतों में जलकर की राशि वसूल नही हो रही, उन ग्राम पंचायतो की सूची तैयार कर जिला पंचायत के माध्यम से कार्यवाही करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए है, कि जिले में किसी भी ग्राम पंचायत में पेयजल परिवहन बिना स्वीकृति के नहीं किया जावे। उन्होने निर्देश दिए, कि जल परिक्षण प्रयोगशालाओं से कोई भी पेयजल नमूना स्वीकार सीमा में नहीं पाया जाता है, तो परीक्षण रिपोर्ट संबंधित ग्राम पंचायत को अवगत कराते हुऐ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को प्रेषित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने महाप्रबंधक, म.प्र.जल निगम को निर्देशित किया, कि पाईप लाईन खुदाई के पूर्व संबंधित विभाग को सूचना दी जाए तथा लिखित अनुमति उपरांत ही पाईप लाईन बिछाने का कार्य करें। जहां-जहां लोक निर्माण विभाग की रोड प्रस्तावित है तथा जहां पाईप लाईन निर्माण के अंतर्गत आ रही है उसे प्राथमिकता से स्थानांतरित करें।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत बलड़ी में शिविर सम्पन्न

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन विकासखंड स्तरीय शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को बलड़ी में विकासखण्ड स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत किल्लौद के सरंपच, जनपद सदस्य तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलड़ी, श्री जितेन्द्र सिंह ठाकुर, तहसीलदार श्री धनजी गढवाल मौजूद थे। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 10, राजस्व विभाग के 10, महिला एवं बाल विकास विभाग के 6, आयुष्मान कार्ड के लिए 20, उद्यानिकी विभाग के 2, प्रधानमंत्री आवास के लिए 10, मनरेगा योजना के अंतर्गत कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए।

# पाननगरा आलोट में दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

## अभीषेक महाआरती के साथ विशाल भण्डारा



**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा पर आलोट और उन्हैल नागेश्वर के मध्य में पालनगरा स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध तीर्थ भव्य मंदिर पर भगवान श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव बहुत ही सुंदर और शानदार तरिके तथा धुम धाम से दो अप्रैल को मनाया जायेगा। श्री खेड़ापति हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक उत्सव की अनोखी छंटा अपने आप में प्रत्येक भक्त को अपनी ओर आकर्षित करती है। लगातार बारह वर्षो से आयोजित होने वाले इस धार्मिक महा उत्सव के अंतर्गत इस तेरहवें वर्ष में भी दो अप्रैल को प्रातः चार बजे हनुमानजी महाराज का अभीषेक छः बजे आरती नौ बजे हवन का अनुष्ठान होगा और प्रातः ग्यारह बजे से हनुमानजी महाराज की इच्छा तक विशाल भण्डारा आयोजित किया जाएगा। सायंकाल सात बजे महाआरती और हनुमान चालीसा पाठ के साथ राम धुन राजा राम का संकिर्तन होगा। इस अद्भुत कार्यक्रम में आस पास क्षैत्रो से हजारों श्रद्धालु और भक्तगण आरती महाआरती और महाप्रसादी भण्डारे का लाभ लेने आते हैं। इसके अलावा यहां पर लगातार इक्कीस वर्षो से प्रत्येक दोनों नवरात्रों में अखंड रामनाम जाप कीर्तन, रामचरितमानस पाठ, हवन, कन्या भोज, प्रत्येक पूर्णिमा को कन्या भोज तथा नैत्र शिविरों का आयोजन किया जाता है। समिति के माध्यम से जन सहयोग से बाय पास चौराहे से खेड़ापति हनुमान मंदिर तक विद्युत पोल लगाकर स्थाई प्रकाश व्यवस्था की गई है। भूमि क्रय की जाकर करीब छः हजार स्क्वायर फिट में आधुनिक भोजनालय तथा जन प्रतिनिधियों के सहयोग से विशाल डोम का निर्माण कार्य प्रगतिशील है जिसमें जन सहयोग अपेक्षित है। दो अप्रैल को आयोजित होने वाले हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने और महाप्रसादी का लाभ लेने की तैयारियां जोरों पर है। यह जानकारी महाप्रसादी भण्डारा समिति अध्यक्ष मनोज पोरवाल ने दी।

# ममता ब्रिगेड की सजगता से ग्राम चेरवी में स्वस्थ शिशु का जन्म हुआ

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन मे आकांक्षी विकासखंड/जिला कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड पाटी, जिला बड़वानी में ट्रिपल ए फ्रेमवर्क – आंगनवाड़ी, आशा, एएनएम तथा गांव की सक्रिय महिलाओं के सहयोग से ममता ब्रिगेड स्वास्थ्य एवं पोषण सखी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है।

इसी पहल के तहत ग्राम चेरवी के दूरस्थ फलिया क्षेत्र में रहने वाली गर्भवती महिला श्रीमती भंगड़ी पति अनिल को दिनांक 24/03/2026 को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। क्षेत्र की दूरी और सीमित संसाधनों के बावजूद ममता ब्रिगेड की टीम ने तुरंत सक्रिय होकर स्थिति को संभाला।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पार्वती सोलंकी, आशा कार्यकर्ता (फिरका समुदाय) और पोषण सखी सुनीता आशाराम ने आपसी समन्वय और तत्परता के साथ गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। ममता ब्रिगेड की सक्रिय भूमिका से महिला को शीघ्र ही चेरवी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सुरक्षित रूप से संस्थागत प्रसव कराया गया।

प्रसव के दौरान मां और नवजात दोनों स्वस्थ रहे। जन्मे शिशु का वजन 3.300 किलोग्राम दर्ज किया गया, जो कि स्वस्थ और सुरक्षित प्रसव का सकारात्मक परिणाम है।

इससे न केवल सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित हुआ, बल्कि ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के प्रति विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ।

ममता ब्रिगेड और पोषण सखी की इस सक्रिय पहल ने एक बार फिर साबित किया कि सामूहिक प्रयासों से हर मां और हर नवजात को सुरक्षित जीवन की शुरुआत दी

## प्रभारी मंत्री ने सीहोर में नवीन विद्युत सब स्टेशन का किया लोकार्पण

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सीहोर मंडी में 02 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से निर्मित मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विद्युत सब स्टेशन के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ ही बिजली की मांग बढ़ जाती है, ऐसे समय में इस नए सब स्टेशन की स्थापना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। इससे बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू होगी और बार-बार आने वाली तकनीकी बाधाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बिजली, सड़क, पानी और कृषि से जुड़ी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु 28 मार्च तक खुला रहेगा पोर्टल

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों के व्यापक शैक्षणिक हितों एवं भविष्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश नवीनीकरण के लिए विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए प्रदान की गई है, जो प्रवेश नवीनीकरण के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा के कारण नियत समय-सीमा में अपनी प्रवेश औपचारिकताएं पूर्ण करने से वंचित रह गए थे। प्रवेश पोर्टल को 28 मार्च 2026 तक सक्रिय किया जा रहा है। संबंधित विद्यार्थी, इस बढ़ी हुई अवधि का लाभ उठाकर अपने प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों के शेष पात्र विद्यार्थियों का त्वरित चिन्हांकन कर, उनका प्रवेश नवीनीकरण एवं शुल्क समय सीमा में जमा करवाना सुनिश्चित करें। यह सुविधा सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध होगी, इसलिए सभी संबंधित विद्यार्थी एवं संस्थान निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें।

# अब तक 10 हजार से अधिक किशोरियां लगवा चुकी हैं एचपीवी के टीके

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान इन दिनों जारी है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि गुरुवार को जिले में कुल 1246 किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया गया। जिसमें शहरी क्षेत्र खण्डवा में 173, विकासखण्ड किल्लौद में 41, हरसूद में 126, खालवा में 168, जावर में 152, छैगांवमाखन में 79, पंधाना में 267, पुनासा में 240 किशोरियों को टीके लगाए गए। उन्होंने बताया कि जिलें में अभी तक 10034 किशोरियों को टीके लगाए जा चुके हैं। ये टीके जिला चिकित्सालय खण्डवा, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी क्लिनिक पर लगाए जा रहे है। डॉ. जुगतावत ने सभी पालकों से अपील की है कि अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए उन्हें एचपीवी का टीका जरुर लगवायें।

# जनगणना 2027 - फील्ड ट्रेनर्स का प्रथम बैच प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) की तैयारियों के अंतर्गत बड़वानी जिले में फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च 2026 तक शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी के सभागृह में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कुल 27 फील्ड ट्रेनरों ने सहभागिता करते हुए जनगणना 2027 से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं का गहन अध्ययन किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की मूल अवधारणाएं, मकानसूचीकरण प्रक्रिया, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का निर्माण एवं सत्यापन, ब्डडै पोर्टल का उपयोग, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा प्रविष्टि, स्व-गणना की प्रक्रिया, डेटा गुणवत्ता एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अनिल पाटीदार एवं श्री राजाराम मुवेल, सहायक प्राध्यापक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी द्वारा प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल ऐप का उपयोग, डेटा भरने की प्रक्रिया एवं फील्ड में आने वाली व्यावहारिक परिस्थितियों के समाधान हेतु अभ्यास सत्र भी आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के शुभारंभ एवं समापन अवसर पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सोहन कनाश द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जनगणना कार्य के महत्व, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर्स अब आगामी चरण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। आगामी बैच का प्रशिक्षण दिनांक 01 अप्रैल से 03 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 30 फील्ड ट्रेनर्स सहभागिता करेंगे।


# कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन,कोयला फाटक उज्जैन Ph-0734-2535229

-: (Online)निविदा आंमत्रण सूचना :-

विज्ञप्ति क्रं / शि–वि /2026/556 उज्जैन दिनांक :–25/03/2026

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र अ (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म. प्र शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती है, तथा ठेकेदार की (श्रेणी शी) एम.पी. गर्वमेंट व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल UADD SOR. 02.08.2021 अनुसार सिरियल क्रं. 01 से 04 का टेण्डर फार्म मूल्य 1000/– तथा सिरियल क्रं. 05 का टेण्डर फार्म मूल्य 2,000 तथा सिरियल क्रं. 06 का टेण्डर फार्ग का मूल्य 5000 रखेगा ।

सिरियल क्रं. 03 से सिरियल क्रं. 04 को आनलाईन क्रय करने व ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेजों को Submission करने की अंतिम दिनांक 15.04.2026 रामय 17.30 रहेगी एवं सिरियल क्रं.01 सिरियल क्रं.02 एव सिरियल क्रं.05 तथा सिरियल क्रं. 06 को ऑनलाईन क्रय करने व ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्म दस्तावेजों को Submission करने की अंतिम दिनांक 09.04.2026 समय 17.30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लगत | अर्नेस्टमनी रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_412660_3 | झोन क्रं. 03 शेर चौराहा स्थित पब्लिक सहायता केन्द्र का निर्मार्ण । | 84274/- | 1685/- | 15 दिन |
| 2 | 2025_UAD_412668_3 | झोन क्रं. 03 स्थित देवास गेट बस स्टेण्ड स्थित पब्लिक सहायता केन्द्र का निर्माण। | 84274/- | 1685/- | 15 दिन |
| 3 | 2025_UAD_412673_3 | झोन क्रं. 03 रेल्वे स्टेशन के पास पब्लिक सहायता केन्द्र का निर्माण। | 84274/- | 1685/- | 15 दिन |
| 4 | 2026_UAD_481135_2 | वार्ड क्रं. 30 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने बाबत्। | 168300/- | 3340/- | 30 दिन |
| 5 | 2026_UAD_481047_2 | वार्ड क्रं. 30 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर क्रास ड्रेन एवं चेम्बर निर्माण कार्य। | 237258/- | 2380/- | 30 दिन |
| 6 | 2026_UAD_479588_2 | वार्ड क्रं. 30 अंतर्गत गरीब नवाज कॉलोनी में सी.सी. रोड एंव नाला रिपेयरिंग कार्य। | 2040304/- | 15310/- | 180 दिन |

कार्यपालन यंत्री
झोन क्रं. 03
नगर पालिक निगम, उज्जैन


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# उज्जैन की खुशहाली के लिए चौबीस खंभा देवी को चढ़ा मदिरा का भोग, नगर पूजा यात्रा निकली

## महाअष्टमी पर निरंजनी अखाड़े ने परंपरा निभाई , 27 किमी की नगर पूजा यात्रा में 40 से अधिक मंदिरों में हुआ पूजन





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चैत्र शुक्ल पक्ष की महाअष्टमी पर गुरुवार को धार्मिक नगरी उज्जैन में प्राचीन परंपरा के अनुसार चौबीस खंभा स्थित माता महामाया और महालया का पूजन-अर्चन कर उन्हें मदिरा का भोग अर्पित किया गया। निरंजनी अखाड़े की ओर से अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रवीन्द्रपुरी महाराज ने विधिविधान से पूजा कर महाआरती संपन्न कराई।

महा अष्टमी पर गुदरी स्थित 24 खंबा माता मंदिर में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज द्वारा देवी को मदिरा तथा बड़वाकल का भोग लगाया गया और सुहाग सामग्री अर्पित की गई। पूजन के पश्चात नगर पूजा यात्रा प्रारंभ हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए 40 से अधिक देवी और भैरव मंदिरों में पहुंची। लगभग 27 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का समापन अंकपात मार्ग स्थित हांडीफोड़ भैरव मंदिर पर हुआ। पूरे मार्ग में पारंपरिक रूप से मदिरा की धार बहाई गई, जो इस विशेष धार्मिक आयोजन की प्रमुख पहचान रही। नगर पूजा यात्रा में निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरी, स्वामी प्रेमानंद पुरी, स्वामी सुमनानंद गिरि, स्वामी भागवतानंद गिरि, स्वामी रामकृष्णानंद महाराज सहित विभिन्न अखाड़ों के संत-महंत, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज और साधु-संतों द्वारा मदिरा से भरी मटकी लेकर यात्रा का नेतृत्व किया गया। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और तोपचियों की मौजूदगी से पूरे आयोजन का धार्मिक और पारंपरिक स्वरूप और भी भव्य हो उठा। उल्लेखनीय है कि चैत्र मास की अष्टमी पर उज्जैन में नगर पूजा की यह परंपरा अनादिकाल से चली आ रही है, जिसका निर्वहन निरंजनी अखाड़े द्वारा किया जाता है। आयोजन के अंतर्गत देवी को सुहाग सामग्री और बड़बाकल का भोग भी अर्पित किया गया।

निरंजनी अखाड़े में आज होगा कन्या पूजन और भंडारा - अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता डॉ गोविंद सोलंकी और समन्वयक डॉ राहुल कटारिया ने बताया कि आयोजन के अगले दिन आज शुक्रवार को बडनगर रोड स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी में कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और विभिन्न अखाड़ों के साधु संत शामिल होंगे।

# उज्जैन में डी.पी. ज्वेलर्स का 'चेन एंड बैंगल फेस्टिवल', पारंपरिक और मॉडर्न डिज़ाइनों की खास रेंज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मार्च मध्यभारत के भरोसेमंद आभूषण ब्रांड डी.पी. ज्वेलर्स ने अपने उज्जैन शोरूम में 19 मार्च से 29 मार्च 2026 तक विशेष 'चेन एंड बैंगल फेस्टिवल' का आयोजन किया है। गुड़ीपड़वा एवं आगामी अक्षय तृतीया के आगामी विवाह सीजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस फेस्टिवल में ग्राहकों के लिए चेन और बैंगल्स की पारंपरिक और मॉडर्न डिज़ाइनों की खास रेंज प्रस्तुत की गई है। त्योहार और विवाह सीजन के दौरान चेन और बैंगल्स की खरीदारी को लेकर ग्राहकों में विशेष उत्साह देखने को मिलता है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह फेस्टिवल आयोजित किया गया है।

इस फेस्टिवल में पारंपरिक डिज़ाइनों से लेकर आधुनिक और हल्के वज़न के स्टाइल तक कई विकल्प उपलब्ध हैं। हर डिज़ाइन में सादगी, गुणवत्ता और सुंदरता का संतुलन देखने को मिलता है। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन भी प्रदर्शित किया गया है, जो नियमित कलेक्शन से अलग और खास अवसरों के लिए तैयार किया गया है।

फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों के लिए स्टोर में लाइव कस्टमाइज़ेशनऔर स्टाइलिंग गाइडेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकिवेअपनीपसंद, बजट और अवसर के अनुसार सहीआभूषण चुन सकें।


उज्जैन का आभूषण बाज़ार पारंपरिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण हमेशा से सक्रिय रहा है। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के कारण यहां सोने और चांदी के आभूषणों की मांग साल भर बनी रहती है। साथ ही, हाल के वर्षों में उज्जैन में युवा ग्राहकों के बीच हल्के वज़न और स्टाइलिश ज्वेलरी की मांग भी तेज़ी से बढ़ी है, जिससे आधुनिक डिज़ाइ नों के लिए बाज़ार में नई संभावनाएं पैदा हुई हैं। शहर का बढ़ता शहरीकरण और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले ग्राहकों की संख्या भी यहां के ज्वेलरी बाज़ार को लगातार मजबूत बना रही है।

डी.पी. ज्वेलर्स पर 30 लाख से अधिक ग्राहकों का विश्वास है। यहां हर आभूषण के साथ शुद्धता का टैग दिया जाता है, जिसमें मेकिंग चार्जेस, ग्रॉसवेट, नेटवेट और अन्य जानकारी स्पष्ट रूप से लिखी होती है। स्टोन्स और अन्य सामग्री का मूल्य उनकी वास्तविक मार्केट वैल्यू केआधार पर लिया जाता है।

आभूषण में जितने कैरेट सोने का उपयोग होता है, उसी के अनुसार मूल्य लिया जाता है। यही पारदर्शिता ग्राहकों के विश्वास का मुख्य कारण है। यहां आभूषणों की विस्तृत रेंज उचित मेकिंग चार्जेस के साथ उपलब्ध है और बाय-बैक पॉलिसी भी ग्राहकों के लिए लाभकारी है।

सीमित अवधि के लिए चल रहा यह 'चेन एवं बैंगल फेस्टिवल' उज्जैन के ग्राहकों को बेहतर डिज़ाइन, पारदर्शिता और भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव दे रहा है।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के जनप्रिय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 25 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय उज्जैन की ब्लड बैंक टीम की उपस्थिति में होटल अबिका एलाईट, बियाबानी चैराहा उज्जैन पर रक्तदान शिविर का आयोजन इंजीनियर्स ब्रिगेड द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर करण यादव के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री सदैव ही जनहितैषी व सेवाभावी होकर जन-जन के कल्याण के लिये सेवारत रहते है और सेवा के लिये प्रदेशवासियों को प्रेरित भी करते है।

उन्हीं की प्रेरणा से प्रेरित होकर आयोजित किये गये रक्तदान शिविर में 35 नागरिक महिला पुरूष रक्तदान की मंशा से उपस्थित हुए परंतु 12 व्यक्तियों के रक्त को स्वास्थ्यगत कारण से डोनेट नहीं कराया गया। कुल 23 व्यक्तियों के सहयोग से 23 यूनिट रक्तदान किया गया व इसे जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नवजीवन देने की मंशा से प्रदाय किया गया। शिविर में ब्लड बैंक की डॉ.संगीता गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर ब्रिगेड के गौरव शर्मा, कपिल पंड्या, आयुष फरक्या, अर्पित लश्करी, वीरेन्द्रप्रतापसिंह सोलंकी, अंकित गादिया, अंकुश जैन, सूरज सेन सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# शिप्रा नदी से 3 दिन बाद मिला मोहननगर के ड्राइवर का शव

## ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज से मिली थी कार, 2 दिन तक की गई थी सर्चिंग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ऋष्ण मुक्तेश्वर मंदिर के पास ब्रिज पर मिला कार के बाद ड्राइवर के नदी में कूदने की आशंका जताई गई थी। दो दिनों तक उसकी तलाश में सर्चिंग अभियान चलाया गया तीन दिन बाद गुरुवार को उसका शव ऋष्ण मुक्तेश्वर ब्रिज से 1 किलोमीटर दूर शिप्रा नदी से मिल गया।

मोहन नगर में रहने वाला अनिल पिता आनंद सोलंकी 28 वर्ष ड्राइवरी करता था सोमवार तड़के उसके लापता होने की जानकारी सामने आई थी। कार मालिक ने ड्राइवर के नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की तो कार की जीपीएस लोकेशन ट्रेस की। कार ऋष्ण मुक्तेश्वर मंदिर के पास ब्रिज पर खड़ी मिल गई। जिसमें ड्राइवर अनिल का मोबाइल चप्पल और पर्स रखा था। अनिल के शिप्रा नदी में कूदने की आशंका जताई गई। पुलिस ने तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया दो दिनों तक होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम नदी में सर्चिंग करती रही लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया बुधवार को तलाशी अभियान बंद कर दिया गया। जिसके बाद गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने जीवाजीगंज थाना पुलिस को सूचना देकर बताया कि पीरमत्यसेन्दं नाथ पास शिप्रा नदी में एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान अनिल सोलंकी के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अनिल ने नदी में कूदकर आत्महत्या क्यों की है। पुलिस के अनुसार अनिल के लापता होने के बाद परिजनों से संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने कुछ भी नहीं बताया था। अब लाश मिलने पर परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे उसके बाद ही सामने आ पाएगा कि अनिल ने नदी में छलांग क्यों लगाई थी।

रिंगरोड से भी मिला युवक का शव- जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ही रिंग रोड स्थित आशु मेतरानी माता मंदिर के पास बुधवार शाम को एक युवक की लाश बरामद की गई। जिसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। युवक ने संभवत जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंच कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किया। बताया जा रहा है कि मृतक युवक के हाथ पर बीके गुदा हुआ है। परिजनों के मिलने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# उज्जैन में सड़क सुरक्षा पर सख्ती: ई-रिक्शा ड्रॉप प्वाइंट तय होंगे, खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स पर लगेंगे संकेतक

## स्कूल बसों की जांच से लेकर वाहन चालकों पर नजर, नियम तोड़े तो तुरंत चालान—कलेक्टर और एसपी ने दिए सख्त निर्देश



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की सड़कों पर अब लापरवाही भारी पड़ेगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा की मौजूदगी में में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े फैसले लिए गए। बैठक में साफ संकेत दिया गया कि अब नियम तोड़ने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी और खतरनाक स्थानों को सुरक्षित बनाने के लिए तेज़ी से काम होगा।

सबसे ज्यादा फोकस शहर के ब्लैक स्पॉट्स यानी दुर्घटना संभावित जगहों पर रहा। कलेक्टर ने एमपीआरडीसी, लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी और नगर निगम को निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों को तुरंत चिन्हित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप और पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। ताकि हादसों पर लगाम लग सके। यातायात को सुगम बनाने के लिए चारधाम और नीलकंठ द्वार मार्ग पर ई-रिक्शा के ड्रॉप प्वाइंट तय करने के निर्देश दिए गए। इससे अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या को कम करने की तैयारी है। नगर निगम, यूडीए और पुलिस को मिलकर एक ठोस ट्रैफिक प्लान बनाने को कहा गया है।इधर, स्कूटी और दोपहिया वाहनों की सघन जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। हेलमेट नहीं पहनने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने और सीट बेल्ट की अनदेखी करने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई होगी। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि नियमों का पालन हर हाल में कराया जाए। स्कूल और कॉलेज बसों की सुरक्षा पर भी बैठक में गंभीरता दिखाई गई। सभी बसों की फिटनेस, सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा मानकों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं, ताकि छात्रों की सुरक्षा में कोई चूक न हो। इसके अलावा मंडियों में आने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाने की कार्रवाई लगातार जारी रखने को कहा गया है, जिससे रात के समय हादसों की संभावना कम हो सके।

### बैठक की खास बातें

ब्लैक स्पॉट्स पर फोकस- खतरनाक स्थान चिन्हित कर तुरंत सुधार कार्य

ई-रिक्शा व्यवस्था- चारधाम-नीलकंठ मार्ग पर ड्रॉप प्वाइंट तय होंगे

स्कूटी चालकों पर सख्ती- हेलमेट नहीं तो सीधा चालान

स्कूल बसों की जांच- फिटनेस और सीसीटीवी अनिवार्य

ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर- हादसे रोकने के लिए सतत अभियान

मोबाइल पर बात की तो कार्रवाई- ट्रैफिक नियमों की अनदेखी नहीं चलेगी

# सिंहस्थ की तैयारियां तेज: सीएम डॉ. यादव ने किया क्षिप्रा के घाटों का निरीक्षण

## 200 मीटर पर चेंजिंग रूम–टॉयलेट अनिवार्य, 500 मीटर पर पहुंच मार्ग बनाने के आदेश



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर प्रदेश सरकार अब एक्शन मोड में नजर आ रही है। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में क्षिप्रा नदी के किनारे बन रहे नए घाटों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी।

गुरुवार सुबह 8 बजे मुख्यमंत्री ने अंगारेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की, इसके बाद सीधे निर्माणाधीन घाटों का जायजा लेने निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह दिये निर्देश -हर 200 मीटर पर चेंजिंग रूम और टॉयलेट अनिवार्य रूप से बनाए जाएं।

-प्रमुख घाटों के आसपास सुविधा घर विकसित किए जाएं।

-500 मीटर के अंतराल पर सीढ़ियां और पहुंच मार्ग तैयार हों।

-घाटों पर बैठने और रुकने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

-मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

अंगारेश्वर से सिद्धवट तक बनेगा नया कनेक्शन- निरीक्षण के दौरान सिद्धवट मंदिर और अंगारेश्वर मंदिर के बीच बन रहे पुल का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि इस पुल के बनने से दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा और श्रद्धालुओं को एक वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

5 मीटर चौड़ा घाट, बैठने की भी सुविधा

अधिकारियों ने जानकारी दी कि घाटों को 5 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु आसानी से स्नान कर सकेंगे और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था भी होगी। मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# विष्णु सागर से लापता हुई 4 साल की बालिका

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परिवार के साथ आई 4 साल की बालिका विष्णु सागर से गुरुवार शाम लापता हो गई। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। विष्णु सागर में सर्चिंग भी कराई गई है। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के विष्णुसागर में राजीव रत्न कॉलोनी का रहने वाला परिवार पिकनिक मनाने के लिए आया हुआ था। इस दौरान परिवार के बच्चे खेल रहे थे। परिवार की 4 साल की बालिका शाम को जब दिखाई नहीं दी तो उसके लापता होने की जानकारी सामने आते ही परिवार में हड़कंप मच गया बालिका की तलाश शुरू की गई और पुलिस को सूचना दी गई। बालिका 4 साल की होना बताई जा रही है। पुलिस द्वारा विष्णु सागर में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम से सर्चिंग भी कराई गई लेकिन बालिका का कुछ पता नहीं चल पाया पुलिस की अलग-अलग टीम बालिका को आसपास के क्षेत्र में तलाश करने का प्रयास कर रही है वहीं सीसीटीवी कैमरो के फुटेज भी देखे जा रहे हैं। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि बालिका को तलाश करने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# खुद को दादा बताकर बदमाशों ने मांगे 50 हजार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जयसिंहपुरा मार्ग हरिफाटक ब्रिज के नीचे होटल पर काम करने वाले अमन पिता बहादुरसिंह आंजना निवासी ब्रजराजखेड़ी रात को बुलेट से घर लौटते समय हरिफाटक ब्रिज के नीचे बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और बोला कि हम क्षेत्र के दादा है यहां से बुलेट निकालना है तो 50 हजार रुपए देना होगे। अमन ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए बुलेट में तोड़फोड़ कर दी, यही नहीं जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अमन ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत महाकाल थाने पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि मारपीट करने वाले अदनान निवासी बेगमबाग, राम उर्फ रामू नीलगंगा, कार्तिक और अन्य थे। एएसआई शंकरलाल कनोजे ने बताया कि अमन की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर राम उर्फ रामू को हिरासत में लिया गया है। अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जनगणना 2027 के लिए जिले के 78 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण व मकानों की गणना) को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक करने के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. वि. माधव नगर, में जिले के नामित फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च तक किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 78 फील्ड ट्रेनर्स नियुक्त किये गए हैं, जिन्हें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहायक प्राध्यापक डॉ. संदीप नाडकर्णी, व्याख्याता डॉ. संजीव तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें जनगणना कार्य समय सीमा में सम्पादित करने की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण, डिजिटल माध्यम से डाटा संकलन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक आयोजित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत की साधारण सभा बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर की अध्यक्षता में गत दिवस आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी भूपेंद्र सिंह सोलंकी सहित समस्त जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम 08 नवंबर 2025 की बैठक के पालन प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी सदन के समक्ष रखी गई। इसके पश्चात मुख्य एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश कृषि विभाग से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांस कूमट द्वारा सदन को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को इन योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान सदन द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों के दौरान किए गए सभी रेस्टोरेशन कार्यों की सूची समस्त जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। सदन को यह भी अवगत कराया गया कि 1 अप्रैल से 100त्न ई टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रों में ई-टोकन का त्तक्र कोड लगाया जा रहा है, जिससे संबंधित जानकारी और समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वर्तमान में गेहूं कटाई का कार्य चल रहा है, ऐसे में बचने वाले भूसे को गौशालाओं में दान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए, जिससे गौशालाओं को सहायता मिल सके। साथ ही नवाई (पराली) न जलाने के संबंध में प्रचार-प्रसार करने तथा आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों की उपलब्धता के लिए J Farm app के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने के सुझाव साझा किए गए। नरवाई प्रबंधन के लिए प्रत्येक ब्लॉक में डेमोंस्ट्रेशन कैम्प आयोजित करने तथा आगामी बैठक में नवाचार की सफलता की कहानी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# चरक अस्पताल में सनसनी: इमरजेंसी गेट के पास सीवरेज चैंबर से सड़ी-गली लाश बरामद

## तेज बदबू से खुला राज, कचरे के बीच मिली अज्ञात शव; कई दिनों पुराना होने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला अस्पताल के चरक भवन में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब इमरजेंसी वार्ड के ठीक पास बने सीवरेज चैंबर से एक सड़ी-गली लाश बरामद हुई। बदबू इतनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोग परेशान हो उठे और आखिरकार इसी दुर्गंध ने इस खौफनाक राज से पर्दा उठाया।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10 बजे अस्पताल स्टाफ को इमरजेंसी गेट के पास से असामान्य बदबू आने का अहसास हुआ। पहले तो इसे सामान्य गंदगी समझकर नजरअंदाज किया गया, लेकिन जब बदबू बढ़ती गई तो कर्मचारियों ने सीवरेज लाइन के लिए बनाए गए कैबिन की जांच की। जैसे ही अंदर झांका गया, कचरे के ढेर के बीच एक लाश पड़ी मिली, जो बुरी तरह सड़ चुकी थी। मृतक ने टी-शर्ट पहन रखी थी, लेकिन शव की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि उसकी पहचान कर पाना फिलहाल संभव नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि लाश कई दिनों से वहीं पड़ी थी और धीरे-धीरे सड़ने के कारण बदबू फैलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मृतक कौन था और वह इस सीवरेज चैंबर तक कैसे पहुंचा।

अस्पताल परिसर में इस तरह लाश मिलने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि इमरजेंसी वार्ड जैसे संवेदनशील इलाके के पास इतने दिनों तक किसी को इस घटना की भनक तक कैसे नहीं लगी।

फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की तैयारी की जा रही है, ताकि इस रहस्यमयी मौत से पर्दा उठाया जा सके।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उज्जैन प्रेस क्लब में जन्मदिन पर भव्य स्वागत हुआ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उज्जैन प्रेस क्लब में पहुंचने पर पत्रकार साथियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया और जन्मदिन की बधाइयां दी गई।

मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के साथियों के साथ जन्मदिन मनाते हुए कहा कि एनसीआर के बाद देश का सबसे बड़ा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर और उसके आसपास के जिले मिलाकर बना रहे हैं, हमारे लिए यह गौरव की बात है। मेट्रोपोलिटन व्यवस्था बनाने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण होता है। सरकार वह सभी आधार भूत संरचनाएं निर्मित कर रही है जो उसके लिए आवश्यक है। आने वाले समय में मालवा की पहचान दुनिया के सबसे बड़े मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के रूप में स्थापित होगी। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान गणेश और मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन शहर अब मेट्रो शहर के रूप में परिवर्तित हो गया है। प्रदेश और देश में हमारी पहचान भी बदल रही हैं और देश में अब उज्जैन जिला एक प्रमुख स्थान रख रहा है।

सारी दुनिया हमारी ओर देख रही है। सिंहस्थ 2028 का भव्य आयोजन हमारे लिए एक परम कर्तव्य भी है। दुनिया को हमें दिखाना है कि सनातन की संस्कृति और शक्ति किस रूप में प्रदर्शित हो। इसमें प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। पूरी दुनिया को उज्जैन के महत्व को बताने और उसको सही आधुनिक नवीन रूप में प्रदर्शित करने के लिए प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।